jk"Vªh; lsok ;kstuk

foKku ladk;

t; ukjk;.k O;kl fo'ofo|ky;] tks/kiqj

&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&

okf"kZd izxfr fjiksVZ

¼1-4-2021 **to** 31-3-2022½

| क्र. सं. | दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | 23-5-2021 | कोरोना से बचाव हेतु एक दिवसीय वेबीनार |
| 2. | 24-5-2021 | लॉकडाउन में सहयोग हेतु अपील |
| 3. | 23-5-2021 | लॉकडाउन–2 में स्वयं सेवकों द्वारा रक्तदान व प्लाज्मादान |
| 4. | 5-6-2021 | पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम |
| 5. | 21-6-2021 | योग दिवस पर कार्यक्रम |
| 6 | 14-07-2021 | विश्वविद्यालय के 59वें स्थापना दिवस पर रक्तदान व टीकाकरण शिविर का आयोजन |
| 7 | 18-07-2021 | कोविड टीकाकारण एवं तीसरी लहर विषय पर वर्चुअल परिचर्चा |
| 8 | 26-07-2021 | कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में टीकाकरण शिविर का आयोजन |
| 9 | 06-08-2021 | विज्ञान संकाय में कोविड-19 के बचाव हेतु टीकाकरण शिविर का आयोजन |
| 10 | 07-08-2021 | कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में तृतीय टीकाकरण शिविर का आयोजन |
| 11 | 13-08-2021 | कला संकाय टीकाकरण शिविर में लगी 360 कॉवैक्सीन |
| 12 | 13.08.2021 | के.एन. महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में चतुर्थ टीकाकरण शिविर का आयोजन |
| 13 | 13.08.2021 | सत्र 2020-21 की वार्षिक रिपोर्ट का अनावरण |
| 14 | 15.08.2021 | 75वें स्वतंत्रता दिवस पर स्व. प्रो. जैताराम विश्नोई पार्क में लगाए 75 नीम के पौधे |
| 15 | 20-08-2021 | विधि संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन |
| 16 | 01-09-2021 | सायंकालीन अध्ययन संस्थान में कोविड 19 टीकाकरण शिविर का आयोजन |

| | | |
|---|---|---|
| 17 | 07-09-2021 | राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा नेत्र जाँच शिविर का आयोजन |
| 18 | 22-09-2021 | राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं.सेवकों ने रक्तदान देकर बचाया बच्चे का जीवन |
| 19 | 24-09-2021 | विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया |
| 20 | 27-09-2021 | राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा प्रतिदिन रक्तदान |
| 22 | 28-09-2021 | विश्वविद्यालय के नए परिसर में 197 यूनिट रक्तदान |
| 23 | 29-09-2021 | राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर का आयोजन |
| 25 | 02-10-2021 | प्रो.जेताराम विश्नोई स्मृति पार्क में औषधीय ग्रह-नक्षत्र वाटिका का उद्घाटन (वाटिका में लगाए नक्षत्र, ग्रह व राशि के पौधें) |
| 26 | 4-10-2021 | राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक की प्रेरणा से तीन जनों ने रक्तदान करके बच्चे का जीवन बचाया |
| 27 | 09-10-2021 | कमला नेहरू महाविद्यालय में पंचम टीकाकरण शिविर का आयोजन |
| 28 | 11-10-2021 | एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ पटेल ने एस डी पी डोनेट कर बचायी डेंगू मरीज की जान |
| 29 | 16-10-2021 | पूर्व गणतंत्र दिवस परेड 2022 के लिए पांच स्वयं सेवकों का चयन |
| 30 | 16-12-2021 | विश्वविद्यालय के दो छात्रों का गणतंत्र दिवस परेड हेतु चयन |
| 31 | 19-12-2021 | विज्ञान संकाय में आमुखीकरण कार्यक्रम : सक्रिय स्वयंसेवकों को प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित |
| 32 | 12-1-2022 | वनस्पतिशास्त्र विभाग में समारोहपूर्वक मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस |
| 33 | 31-1-2022 | कैंसर की रोकथाम तथा जागरूकता विषय पर ऑनलाइन सेशन आयोजित |
| 34 | 06-3-2022 to 12-3-2022 | विज्ञान संकाय में सात दिवसीय विशेष शिविर |
| 35 | 13-03-2022 | मानसिक स्वास्थ्य विकास पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन |

fnukd%& 23-05-2021

## कोरोना से बचाव हेतु एक दिवसीय वेबीनार

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कोविड–19 महामारी पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार का आयोजन रविवार दिनांक 23.05.2021 को मांइक्रोसॉफ्ट टीम प्लेटफॉर्म पर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महामारी के प्रति जागरूकता तथा बचाव के बारे में अधिक से अधिक तथा सही जानकारी हेतु प्रयास करना था। वेबीनार का आयोजन जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के माननीय कुलपति प्रो. पी.सी. त्रिवेदी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल, राष्ट्रीय सेवा योजना, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा किया गया। उन्होंने अतिथियों तथा प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए एनएसएस की मुख्य अवधारणा से सभी को अवगत कराया। इसी क्रम में महामारी के समय एनएसएस स्वयं सेवकों द्वारा किए गए सेवा कार्यों जैसे रक्तदान, प्लाज्मा दान, सैनिटाइजर का वितरण, राषन सामग्री का वितरण से भी अवगत कराया। एनएसएस द्वारा वर्ष भर किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में प्रोफेसर पटेल ने स्वागत उद्बोधन में प्रकाष डाला। इसके उपरान्त कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे माननीय कुलपति प्रो. पी.सी. त्रिवेदी जी ने विज्ञान के महत्व तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल वाक्य ''स्वयं से पहले आप'' को इस विपदा में चरितार्थ करने का आहवान् किया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. प्रियंका पुरोहित ने बताया कि देशभर से प्रतिभागियों ने इस आयोजन में भाग लिया हैं। इनमें से जम्मू कश्मीर, असम, प. बगाल, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र तथा राजस्थान के प्रतिभागी मुख्य है। इसी कड़ी में डॉ. प्रियंका पुरोहित ने वेबीनार के मुख्य वक्ता डॉ. संदीप अग्रवाल सीनियर कार्डियक सर्जन, जाइडस हॉस्पिटल, अहमदाबाद, गुजरात का संक्षिप्त परिचय दिया। मुख्य वक्ता डॉ. अग्रवाल ने कोविड–19 महामारी की उत्पति, संक्रमण, बचाव, लक्षणों की पहचान तथा इसके उपरान्त होने वाली जटिलताओं को अपनी पावर पॉईंट प्रेजेंटेशन द्वारा समझाया। कोविड–19 से जुड़ी भ्रांतियों तथा जिज्ञासाओं का निवारण भी किया। इसके उपरान्त एनएसएस स्वयं सेविका चंचल शर्मा ने कोरोना योद्धा के लिए स्वरचित कविता वाचन किया। देशभर से जुड़े एनएसएस स्वयं सेवकों ने कोविड–19 के

दौरान किए गए राज्य स्तरीय कार्यों के बारे में सभी को अवगत कराया। इस वेबीनार में विश्वविद्यालय के सिंडिकेट संदस्य, निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शोद्यार्थी तथा स्वयं सेवकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। वेबीनार के अन्त में आयोजन सचिव प्रो. प्रवीण गहलोत ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा पोस्ट कोविड–19 चुनौतियों में शामिल ब्लैक फंगस तथा वाईट फंगस पर चर्चा की जिसमें स्वयं सेवकों को इन पर ज्ञानार्जन करने तथा समाज में लोगों से संवाद स्थापित कर इन बिमारियों से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने का आहवान किया गया। कमला नेहरू महिला कॉलेज निदेशक प्रो. संगीता लुंकड़, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हेम सिंह गहलोत तथा डॉ. अशोक कुमार पटेल ने इस परिचर्चा में भाग लिया। वेबीनार का संचालन डॉ. प्रियंका पुरोहित ने किया तथा देशभरसे आए सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।





पत्रिका

कोरोना से बचाव को लेकर जेएनवीयू में वेबिनार

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जोधपुर • जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कोविड-19 महामारी पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया।

वेबिनार के मुख्य वक्ता अहमदाबाद स्थित जाइडस अस्पताल के कार्डियक सर्जन डॉ संदीप अग्रवाल ने कोरोना की उत्पत्ति, संक्रमण, बचाव, सावधानी की पहचान और इसके उपरांत होने वाली जटिलताओं को अपनी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन द्वारा समझाया। उन्होंने कोरोना से जुड़ी भ्रांतियों तथा जिज्ञासाओं का निवारण भी किया।





fnuk¡d%& 24-05-2021

## लॉकडाउन में सहयोग हेतु अपील

माननीय कुलपति प्रो. (डॉ) पी.सी. त्रिवेदी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना की समस्त इकाईयों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल के निर्देशन में लॉकडाउन की पालना करते हुए ऑनलाइन उपकरणों के माध्यम से विश्वविद्यालयके छात्र–छात्राओं व समाज के नागरिकों से कोविड–19 महामारी की दूसरी लहर को मद्देनजर रखते हुए माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजस्थान सरकार द्वारा 18 से 44 वर्श के युवा वर्ग के लिए खरीदे जा रहे टीके हेतु मुख्यमंत्री रिलिफ फंड कोविड वैक्सीनेशन अकाउंट में दान राशि जमा करने की अपील की गई। इस अपील हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयों द्वारा एक ब्रोशर बनाकर उसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तथा फेसबुक, वॉट्सएप के माध्यम से मुख्यमंत्री सहायता कोश में दान देने हेतु प्रेरित किया गया। समाज के नागरिकों से दान देने हेतु अपील करने व छात्र–छात्राओं को इस नेक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. पंकज नामा व डॉ. राजश्री राणावत ने उनसे संवाद भी स्थापित किया।



fnukd%& 23-05-2021

## लॉकडाउन–2 में स्वयं सेवकों द्वारा रक्तदान व प्लाज्मादान

¼19-04-2021 ls 30-06-2021 rd½

कोविड–19 की दूसरी लहर में एनएसएस जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के स्वयं सेवकों ने कोरोना वॉरियर बनकर कई लोगों को बचाया। एनएसएस टीम कोरोना महामारी से पहले भी जरूरतमंदों को ब्लड डोनेशन करने का कार्य करती रही है लेकिन कोरोना काल में जब लॉकडाउन लगा हुआ है और लोग अपने घरों में बैठे है ऐसे समय में इस टीम ने अस्पतालों से सम्पर्क किया व अन्य स्वयं सहायता समूह जो की ब्लड डोनेशन का कार्य कर रहे थे उनके साथ मिलकर एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बनाया जिसके माध्यम से एनएसएस के स्वयं सेवकों ने जरूरतमंदों को इस विकट परिस्थिति में ब्लड व प्लाज्मा डोनेट किया व इसके साथ ही इन कोरोना योद्धाओं ने उन लोगों से सम्पर्क स्थापित किया जो इस महामारी से लड़कर ठीक हुए है, उन लोगों को प्लाज्मा डोनेट करने के लिए प्रोत्साहित किया और जरूरतमंदों को प्लाज्मा उपलब्ध करवाया। एनएसएस टीम ने सैकड़ों लागों को ब्लड अथवा प्लाज्मा देकर या दिलवाने में मदद की तथा दिन रात यह कार्य करने में अभी भी जुटी हुई हैं। एनएसएस ने राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन कराया जिसमें मुख्य वक्ता अहमदाबाद में स्थित जाइडस हॉस्पिटल के कार्डियक सर्जन डॉ. संदीप अग्रवाल थे। उन्होंने महामारी आने, इसका ईलाज व इससे बचने के उपाय के बारे में सैकड़ों प्रतिभागियों को बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया। एनएसएस जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर ने शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्रों तथा आम नागरिकों से सी.एम. केयर फंड वैक्सीनेशन में दान करने के लिए मार्मिक अपील की जिसका बहुत ही सकारात्मक असर हुआ। इस अपील से विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने सभी शिक्षकों का एक दिन का वेतन इस फंड में देने की घोषणा की तथा इस अपील का स्वयं सेवकों द्वारा प्रचार–प्रसार से कई संगठनों व भामाशाहों ने इस फंड में दान दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना जोधपुर अब भी इस कार्य को प्राथमिकता के साथ कर रहा है। कोरोना वैक्सीन बनने के बाद कोरोना से बचाव का एक ही उपाय है टीका लगवाना, लेकिन

ग्रामीण व शहारी क्षेत्रों के कई लोग पूर्ण जानकारी के अभाव में इस शंका में थें की कही टीका लगवाने से उनकी सेहत पर नकारात्मक प्रभाव न पड़ जाए। अतः एनएसएस टीम ने इन लोगों को विष्वास दिलाने और वैक्सीनेशन के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कई जगह कैम्प का आयोजन भी किया। इसके साथ ही जबसे 18+ के लिए टीकाकरण प्रक्रिया आरम्भ हुई तो एनएसएस वॉरियर्स भैराराम तथा उसके साथियों ने Vaccinated Jodhpur, Nagaur नाम से टैलीग्राम चैनल और ग्रुप बनाया जिसमें दोनों जिलों से तकरीबन 1000+ सदस्य जुडें हुए है और उनके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण तथा वैक्सीन बुकिंग के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं।

---












fnukd%& 05-06-2021

## पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम

दिनांक 05.06.2021 जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल के आहवान पर स्वयं सेवकों ने गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी कोरोना महामारी में अपने घरों के आसपास के स्थानों पर वृक्षारोपण व गौशाला में गौ सेवा कर पर्यावरण दिवस मनाया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया कि भैराराम भाटी सहित कई स्वयं सेवकों ने प्रेम नगर माता के थान में बन रहे नए गार्डन में स्वयं सेवक पुष्पेन्द्र बेरवा व उर्वशी सोनी की टीम ने प्रतापनगर में, स्वयं सेविका चंचल शर्मा ने फलोदी में पौधारोपण किया। स्वयं सेवक पिंटू गहलोत ने अपने साथियों के साथ गौषाला में गायों की सेवा कर व पक्षियों के परिंडे लगाकर पर्यावरण दिवस पर अपना योगदान देकर आमजन को जागरूक करने का कार्य किया।

### ऑक्सीजन बढ़ाने के लिए जगह-जगह लगाए पौधे

**शहर में अनेक संगठन पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आए**

सिटी रिपोर्टर | जोधपुर

शहर में रविवार को जगह-जगह पौधरोपण किया गया। ऑक्सीजन को बढ़ाने के लिए कई संगठनों ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। पर्यावरण संरक्षण की भावना से शहर भर में पार्कों, स्कूलों, श्मशानों और विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए जा रहे हैं। साथ ही उनकी नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया।

- राजस्थान जाट महासभा की ओर से झालामंड स्थित खेत में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर शारदा चौधरी, गीता बरबड़, सुरेंद्र कंवर चौहान, ओमप्रकाश परिहार, हरीशपुरी गोस्वामी, तरुणा, लक्ष्मी, वनिता, मंजू डागा, इंद्रा, मंजू गोस्वामी, चंद्रकला, नीतु, सोनिया, संतोष, निर्मला, अनिता प्रजापत, बेबी गुर्जर, विमला गुर्जर, विजयलक्ष्मी, सोनल, प्रियंका चौधरी आदि मौजूद थे।
- जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. केआर पटेल ने बताया कि स्वयंसेवकों ने गोशाला में पौधे लगाए। प्रो. प्रवीण गहलोत, भैराराम भाटी, पुष्पेंद्र बैरवा, उर्वशी आदि ने पौधरोपण किया। चंचल शर्मा ने फलोदी में पौधे लगाए। पिंटू गहलोत ने गौ सेवा की और परिंडे लगाए।
- सुशांत लोक वेलफेयर सोसायटी की ओर से पौधे लगाए गए। सोसायटी के संरक्षक हरदयाल सिंह, अध्यक्ष हरीशचंद्र विश्नोई, सचिव रमन कुमार पांडेय, संयुक्त सचिव सुभाष विश्नोई, कोषाध्यक्ष राजेंद्रमल भंडारी, डॉ. अल्पना, मनीष जैन, सुखराम विश्नोई ने पौधे लगाए। रतन लाहोटी ने पर्यावरण का महत्व बताया।
- वीर महाराणा प्रताप पार्क सेक्टर 2 कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड में क्षेत्रवासियों की ओर से पौधरोपण किया गया। केशर सिंह गादेरी ने बताया कि क्षेत्रवासियों ने अधिक से अधिक पौधरोपण करने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि हर रविवार को महाराणा प्रताप पार्क में श्रमदान किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्रवासी उपस्थित थे।
- काजरी मरुस्थलीकरण नियंत्रण पर्यावरण सूचना प्रणाली केंद्र और असम विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद की ओर से 'पारिस्थितिकी तंत्र पुनःस्थापन' विषय पर वेबिनार आयोजित किया गया। डॉ. किमसेन चंगसन, डॉ. ओपी यादव, डॉ. जयदीप बरुआ, डॉ. पीसी महाराणा, अभय कुमार जौहरी ने अपने अनुभव साझा किए। डॉ. संगीता गोयल ने आभार जताया।



सुशांत लोक वेलफेयर सोसायटी



कुड़ी हाउसिंग बोर्ड महाराणा प्रताप पार्क



सरस्वती बाल वीणा भारती उमावि



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया



वार्ड 48 (दक्षिण) में राधा कृष्ण मंदिर

- चौपासनी स्कूल परिसर और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से पौधरोपण किया गया। इस मौके पर यू. विशु कुमार, विजय कच्छवाह, अरुण परिहार, कंचन कंवर, गणेशनाथ, बाबूलाल, राजूसिंह, महावीरसिंह, पूर्व पार्षद रामसिंह जोधा ने पौधे लगाकर संरक्षण की जिम्मेदारी ली।
- सूरसागर स्थित सरस्वती बाल वीणा भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय स्कूल के स्काउट छात्रों ने कार्तिक प्रजापत और लक्ष्य चौधरी के नेतृत्व में पौधे लगाए। पक्षियों के लिए परिंडे भी लगाए गए। स्काउट मास्टर विशन सिंह प्रजापति ने मार्गदर्शन किया।
- वार्ड 48 (दक्षिण) में स्थित राधा कृष्ण मंदिर गंदे नाले के पास और वार्ड में कुछ गलियों में पौधे लगाए गए। इसमें विधायक मनीषा पंवार, शास्त्री नगर ब्लॉक अध्यक्ष रामेश्वर गुर्जर, भावना रिचर्ड, शम्भुसिंह मेड़तिया, गोकुल कनोजिया, डॉ राजेंद्र कुमार खीवसरा, राजेंद्र राजपुरोहित, चंद्र प्रकाश सांखला, विजयलक्ष्मी, अश्विनी दास सहित वार्ड वासियों का सहयोग रहा।











fnukad%& 21-06-2021

## योग दिवस पर कार्यक्रम

राष्ट्रीय सेवा योजना, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालयद्वारा अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर कोरोना महामारी की द्वितीय लहर में लॉकडाउन के कारण घर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समन्वयक प्रो. के.आर. पटेल ने बताया कि लॉकडाउन के कारण स्वयं सेवकों द्वारा प्रातः 6 बजे अपने–अपने घरो में योग किया गया। वर्चुअल प्लेटफार्म पर कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत व डॉ. उत्तम पालीवाल के निर्देशन में स्वयं सेवको ने योग कर विश्वविद्यालयराष्ट्रीय सेवा योजना के वॉट्सअप ग्रुप में अपने फोटो साझा किये। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओम प्रकाश विष्नोई व डॉ. शिव कुमार बरवड़ ने स्वयं सेवकों से प्रतिदिन योग करने तथा समाज में योग के प्रति जागरूकता लाने का संदेश दिया।








दिनांक **14-7-2021**

**विश्वविद्यालय के 59वें स्थापना दिवस पर रक्तदान व टीकाकरण शिविर का आयोजन**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के 59 वें स्थापना दिवस के अवसर पर कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में बुधवार को टीकाकरण शिविर, रक्तदान शिविर एवं स्वच्छ एवं हरित परिसर अभियान का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विवि के कुलपति प्रोफेसर प्रवीण चंद्र त्रिवेदी ने विवि के गौरवमयी इतिहास का उल्लेख करते हुए युवा पीढ़ी से इसे और आगे ले जाने और गौरवान्वित करने का आग्रह किया । कुलपति प्रोफेसर त्रिवेदी ने महाविद्यालय के केंद्रीय उद्यान में वृक्षारोपण कर विवि में स्वच्छ एवं हरित अभियान का आगाज किया ।

कमला नेहरू महिला महाविद्यालय की निदेशक प्रोफेसर संगीता लूंकड़ ने माननीय कुलपति महोदय की प्रेरणा से इस स्थापना दिवस को यादगार बनाने के लिए इन तीनों कार्यक्रमों का आयोजन रखा । प्रोफेसर लूंकड़ ने स्वयं रक्तदान कर छात्र-छात्राओं से टीकाकरण से पहले रक्तदान करने की अपील की। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. राजश्री राणावत ने बताया कि इस अवसर पर विवि के विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों सहित 600 जनों का टीकाकरण किया गया जिनमें से 500 टीके प्रथम एवं 100 टीके द्वितीय डोज के तहत लगाए गए । टीकाकरण से पहले 20 से अधिक यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया जिनमें विद्यार्थी, शिक्षक, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने रक्तदान कर विवि के स्थापना दिवस पर मानव सेवा के संकल्प को चरितार्थ किया। रक्तदान शिविर का आयोजन महात्मा गाँधी चिकित्सालय के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर सांत्वना ग़ौड़, **प्रोफेसर प्रवीण गहलोत,** डॉ. पंकज नामा, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. रचना दिनेश सहित अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा । इस अवसर पर डॉ. सुमित्रा चौधरी, डॉ. सुमन परिहार, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. रामलाल सैनी, डॉ. मीना बारूपाल सहित विवि के अन्य शिक्षक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक भेराराम, प्रवीण कुमार, रूपेश, सोहन, रवि, घनश्याम उपस्थित रहे । कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की निदेशक प्रोफेसर लूंकड़ ने जिला सीएचएमओ डॉ. बलवंत मंडा का इस टीकाकरण शिविर आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया ।



**जयनारायण व्यास विवि का 59वां स्थापना दिवस मनाया**

रक्तदान, वृक्षारोपण व वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन

जोधपुर, 14 जुलाई (कासं)। जयनारायण व्यास विवि का 59वां स्थापना दिवस बुधवार को समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर केएन महिला महाविद्यालय में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. पीसी त्रिवेदी के मुख्य आतिथ्य में रक्तदान, वृक्षारोपण तथा विवि के शिक्षकों, अशैक्षणिक कर्मचारियों तथा पूर्व कर्मचारियों के लिए कोविड वैक्सीनेशन का आयोजन किया गया। इस मौके कुलपति प्रो. त्रिवेदी ने विद्यार्थियों के लिए नए पाठ्यक्रम लागू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अगर नई शिक्षा नीति लागू करती है तो इसमें विद्यार्थी फिजिक्स के साथ संगीत विषय का भी चयन कर सकता है। यह नीति छात्र-छात्राओं की रूचि के अनुसार फ्लैक्सिबल है। इससे पूर्व केएन कॉलेज की निदेशक ने अतिथियों का स्वागत किया। स्थापना दिवस पर कुलपति ने वैद्युतिक अभियांत्रिकी विभाग में नवीन प्रयोगशाला व कुलपति निवास में नवनिर्मित रक्षककक्ष का लोकार्पण किया गया।






Foundation Day


Samsung 64 MP Camera


Foundation Day


Foundation Day


Day
Wednesday, July 14, 2021
Venue : Kamla Nehru College, Jodhpur

दिनांक **18-7-2021**

## कोविड टीकाकारण एवं तीसरी लहर विषय पर वर्चुअल परिचर्चा

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के कमला नेहरू महिला महाविद्यालय ने रविवार को ज़ूम प्लेटफ़ॉर्म पर "कोविड टीकाकारण एवं तीसरी लहर" विषय पर पैनल परिचर्चा का आयोजन किया । महाविद्यालय की निदेशक प्रोफेसर संगीता लूंकड़ ने बताया कि विवि के कुलपति प्रोफेसर प्रवीण चंद्र त्रिवेदी की प्रेरणा से इस परिचर्चा का आयोजन किया गया ताकि विद्यार्थियों एवं सामान्य जनमानस में टीकाकारण  एवं तीसरी लहर से संबंधित जिज्ञासाओं को शांत किया जा सके ।

प्रोफेसर लूंकड ने अतिथियों का स्वागत किया एवं **कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर प्रवीण गहलोत ने पैनल चर्चा** की वर्तमान समय में महती आवश्यकता पर प्रकाश डाला । पैनल चर्चा में ऐम्स के प्रोफेसर डॉ प्रदीप भाटिया ने बताया कि महामारी के दौरान जीवन और जीविका दोनों महत्वपूर्ण हैं इसलिए लॉकडाउन ही एकमात्र उपाय नहीं हैं । उन्होंने टीकाकारण के बाद भी सभी से कोविड एप्रोप्रियेट बेहवीयर अपनाने की अपील की । नियो हॉस्पिटल नोएडा में आईसीयू की विभागाध्यक्ष डॉ. सोनिया माथुर ने वैक्सीन की महत्ता बताते हुए इसे गेम चेंजिंग टूल करार दिया और इसी से हर्ड इम्युनिटी विकसित होने की बात की ।

जिला सीएमएचओ डॉ. बलवंत मंडा ने बताया कि टेस्ट, ट्रेक एवं ट्रीट प्रणाली से ही इस महामारी पर विजय पाई जा सकती है । डॉ. मंडा ने बताया कि टीका गर्भवती एवं स्तनपान करवाने वाली महिलाओं के लिए भी सुरक्षित हैं । डॉ. मंडा ने बच्चों से टीके का डर दूर करने में अभिभावकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया । डॉ. मंडा ने कोविड के नए वैरिएंट्स की पहचान के लिए जीनॉमिक सिक्वेंसिंग को सबसे उपयुक्त बताया । सिम्स अहमदाबाद के हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. सत्य गुप्ता ने कोविड उपरांत होने वाली हृदय संबंधित जटिलताओं एवं उसके निराकरण पर अपना उद्बोधन दिया । डॉ. गुप्ता ने सीआरपी प्रोटीन, डी-डाइमर टेस्ट एवं कोविड इलाज में स्टेरॉयड की भूमिका पर विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया ।

कार्यक्रम में पैनलिस्ट डॉक्टरों ने विद्यार्थियों के सवालों एवं शंकाओ का समाधान किया एवं छात्रों को मनोवैज्ञानिक रूप से फिट रहने के टिप्स दिए । कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजश्री राणावत एवं सफल क्रियान्वयन में डॉ. पंकज नामा, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. रचना दिनेश सहित अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा । अंत में महाविद्यालय निदेशक प्रोफेसर लूंकड़ ने परिचर्चा में शामिल होने के लिए समस्त डॉक्टरों का आभार जताया ।

दिनांक 26-07-2021

**कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में द्वितीय टीकाकरण शिविर का आयोजन**

कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में द्वितीय टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। के.एन. महाविद्यालय की निदेशिका संगीता लूंकड़ के निर्देशन में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के प्रोग्राम अधिकारी डॉ. पंकज नामा, डॉ. राजश्री राणावत, डॉ. रामलाल सैनी व डॉ. अमिता धारीवाल के सहयोग से कोविड प्रोटोकॉल की पालना करते हुए कैंप का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं, शिक्षकों, अशैक्षणिक कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को कोविशील्ड टीका लगाया गया। कैम्प में **737** लोग लाभान्वित हुए। डॉ. रोहित माथुर की तीन टीमों ने सहयोग दिया। अंत में प्रो. संगीता लूंकड़ ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बलवंत मंडा एवं डॉ. कौशल दवे का आभार जताया।राष्ट्रीय सेवा योजना क समन्वयक प्रो के आर पटेल ने शिविर क आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । **कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर प्रवीण गहलोत**



केएन हॉल में गाइडलाइन के साथ वैक्सीनेशन का इंतजार करती छात्राएं।

**95 साइट्स पर 8 हजार 743 लोगों को लगाया टीका**

**केएन हॉल में 737 जनें लाभान्वित**

जोधपुर, 26 जुलाई (कास)। बच्चों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने एवं बच्चों में होने वाली जानलेवा बीमारियों के बचाव व रोकथाम हेतु स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से नियमित टीकाकरण अभियान संचालित किए जा रहा है। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कौशल दवे ने बताया कि सोमवार को स्वास्थ्य विभाग व विश्व स्वास्थ्य संगठन के संयुक्त तत्वावधान में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को सुदृढ़ीकरण करने तथा बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम को गति प्रदान करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों को टीके से बच्चों में होने वाली जानलेवा बीमारियों से बचाव के बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि डॉ. कीर्ति पटेल, समस्त बीसीएमओ, सीएचसी प्रभारी, शहरी जोनल प्रभारी सहित कार्मिकों ने भाग लिया।

**95 साइट्स पर 8,743 लोगों ने लगवाया टीका-** कोरोना संक्रमण के बचाव हेतु कोविड वैक्सीनेशन अभियान संचालित किया जा रहा है। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कौशल दवे ने बताया कि सोमवार को जोधपुर जिले में 95 कोविड वैक्सीनेशन सेंटर पर 8,743 जनों का टीकाकरण किया। जिसमें से 978 लोगों को पहली व 7765 को दूसरी डोज लगाई गई। जिसमें 18 से 44 आयु वर्ग में 891 पहली व 2798 दूसरी तथा 45 से 60 वर्ष में 57 पहली व 3266 को दूसरी एवं 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 28 को पहली व 1652 को दूसरी, 02 हेल्थ केअर वर्कर्स को पहली व 23 दूसरी डोज व 26 फ्रंट लाइन वर्कर्स के को कोविड वैक्सीन की दूसरी डोज लगाई गई।

**केएन हॉल में 737 जनें लाभान्वित-** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में टीकाकरण कैम्प का आयोजन किया गया। केएन कॉलेज निदेशिका प्रो संगीता लूंकड के निर्देशन में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. पंकज नामा, डॉ. राजश्री राणावत, डॉ. रामलाल सैनी व डॉ. अमिता धारीवाल के सहयोग से कोविड प्रोटोकॉल की पालना करते हुए कैंप आयोजित हुआ। जिसमें छात्राओं, शिक्षकों, अशैक्षणिक कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को कोविशील्ड टीका लगाया गया। कैम्प में 737 लोग लाभान्वित हुए। डॉ. रोहित माथुर की तीन टीमों ने सहयोग दिया। अंत प्रो. संगीता लूंकड ने डॉ. बलवंत मंडा एवं डॉ. कौशल दवे का आभार जताया।









TIME TO VACCINATE
COVID VACCINATION CAMP






TIME TO VACCINATE
COVID VACCINATION CAMP



दिनांक 6-8-2021

## विज्ञान संकाय में कोविड-19 के बचाव हेतु टीकाकरण शिविर का आयोजन

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. पी.सी. त्रिवेदी के निर्देषानुसारविज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओ को कोविड-19 महामारी से बचाने हेतु उन्हे कोविशिल्ड की प्रथम व द्वितीय डोज लगायी गयी। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के.आर. पटेल ने बताया की विश्वविद्यालय के विभ्भिन संकायों में कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं ताकि विश्वविद्यालय में शिक्षण कार्य व परीक्षाये कोविड-19 महामारी उन्मूलन की गाईडलाईन के अनुसार की जा सके।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया कि आज दिनांक 06.08.2021 को विज्ञान संकाय में टीकाकरण शिविर का आयोजन कर कोविशिल्ड की 430 डोज लगाकर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को लाभान्वित किया गया। टीकाकरण शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओमप्रकाष, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. आर.पी. सारण, डॉ. प्रियंका पुरोहित, डॉ. अल्केश टाक, डॉ. शिवकुमार बरवड, डॉ. समय सिंह मीणा व डॉ. हेमसिंह गहलोत ने व्यवस्था बनाने में सहयोग प्रदान किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक भरत कुमार, विनोद पटेल, भैराराम, सुमेंर, संजय, जयसूर्या, आईदान, जगदीश, मनोहर, हरीश व प्रवीण कुमार इत्यादि ने भी शिविर के सुचारू संचालन में सहयोग दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उत्तम पालीवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बलवंत मंडा का आभार प्रकट किया व विश्वविद्यालय में शिविर का आयोजन करवाने के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा डॉ. रवि नागल के नेतृत्व में नर्सिंग स्टाफ के सहयोग से शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।



जेएनवीयू विज्ञान संकाय में टीकाकरण शिविर आज

जोधपुर। जेएनवीयू विज्ञान संकाय में वार्षिक परीक्षा को देखते हुए शुक्रवार को कोविड-19 महामारी नियंत्रण के लिए एक दिवसीय टीकाकरण शिविर आयोजित जाएगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. केआर पटेल ने बताया कि शिविर में 18 वर्ष से अधिक आयु वाले विद्यार्थियों के टीके लगाए जाएंगे। विद्यार्थियों को अपना आधार कार्ड व मोबाइल साथ लाना अनिवार्य होगा। टीकाकरण शिविर में टीके की प्रथम व द्वितीय डोज लगाने की व्यवस्था की गई है।








## एक दिवसीय टीकाकरण शिविर आज

जोधपुर @ पत्रिका. जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को एक दिवसीय कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. केआर पटेल ने बताया कि शिविर मे 18 वर्ष से अधिक आयु वाले विद्यार्थियों को टीका लगाया जाएगा। विद्यार्थियों को अपना आधार कार्ड व मोबाइल साथ लाना अनिवार्य होगा। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया की परीक्षा के मध्यनजर विवि के विशेष अनुरोध पर चिकित्सा विभाग ने एनएसएस के तहत इस शिविर का आयोजन रखा है।

# जेएनवीयू के विज्ञान संकाय में 430 को लगा टीका





पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जोधपुर. जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की ओर से शुक्रवार को कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों व अन्य को 430 डोज लगाई गई। एनएसएस समन्वयक प्रो. केआर पटेल और शिविर प्रभारी डॉ प्रवीण गहलोत ने बताया कि विवि में परीक्षाएं शुरू हो गई है। कुछ समय बाद नया शैक्षणिक सत्र भी शुरू होने वाला है। ऐसे में अध्ययन कार्य को पचारू बनाए रखने के लिए विवि में टीकाकरण शिविर लगाकर सभी को सुरक्षित किया जा रहा है। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. आरपी सारण, डॉ. प्रियंका पुरोहित, डॉ. अल्केश टाक, डॉ. शिवकुमार बरवड, डॉ. समय सिंह मीणा व डॉ. हेमसिंह गहलोत ने व्यवस्था बनाने के लिए सहयोग किया।

## राज ग्रुप में वैक्सीन कैंप

राज ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंश के बावरला कैंपस में कोरोना वैक्सीनेशन कैंप हुआ। 170 छात्रों तथा स्टाफ को वैक्सीन लगाई गई। ग्रुप चेयरमैन डॉ राजू राम चौधरी ने बताया कि 155 लोगों को वैक्सीन की प्रथम डोज तथा 15 लोगों को दूसरी डोज लगाई गई। डायरेक्टर आकाश चौधरी और रजिस्ट्रार पंकज सांखला ने बताया कि इस शिविर के आयोजन में ग्रुप के नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य शैलेश मकवाना,हेमराज, नर्सिंगकर्मी मुरलीधर, दिनेश चौधरी, धर्मेंद सोलंकी, नीतू सोलंकी, चिकित्सा विभाग बीसलपुर के एमओआईसी डॉ भुवनेश व्यास, एएनएम मंजू, कुसुमलता, दतिया, कानाराम डूडी,गोपाल नवल,सुंदरदास, सीएचओ कैलाश, ढगलाराम भी उपस्थित थे।









दिनांक: 07-08-2021

**कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में तृतीय टीकाकरण शिविर का आयोजन**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कमला नेहरू महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा कोविड-**19** टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय की छात्राओं, शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारियों को कोविशील्ड की लगभग **330** प्रथम व द्वितीय डोज लगाई गई। कमला नेहरू कॉलेज की निदेशिका प्रो. संगीता लूंकड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय में परीक्षाएं प्रारंभ हो गयी हैं। अतः जो छात्राएं टीकाकरण से वंचित थीं उन्हें इस कैम्प के माध्यम से लाभान्वित किया गया।

एनएसएस समन्वयक प्रो. के.आर. पटेल ने कोविड-**19** वैक्सीनेशन की उपयोगिता के बारे में बताया तथा उनके निर्देशन में केएन महाविद्यालय की **राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी डॉ प्रवीण गहलोत,** डॉ. पंकज नामा, डॉ. रामलाल सैनी, डॉ. राजश्री राणावत, डॉ. अमिता धारीवाल, डॉ. कान्ता चौधरी एवं डॉ. पूनम पूनिया के सहयोग से कोविड प्रोटोकॉल की पालना करते हुए कैम्प का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कैम्प में डॉ. रोहित माथुर की टीम ने सहयोग दिया । राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारियों द्वारा सीएमएचओ डॉ. बलवंत मंडा, डॉ. कौशल दवे का वैक्सीन कैम्प की स्वीकृति देने के लिए आभार जताया। अशैक्षणिक कर्मचारियों एवं सक्रिय स्वयंसेवक भैराराम भाटी का भी विशेष सहयोग रहा।



दैनिक नवज्योति Jodhpur City - 08 A...

इसी तरह से पूर्व राष्ट्रीय ... अणदा राम डूडी सहित मौजूद रहे।

**केएन कॉलेज के वैक्सीनेशन कैंप में 330 लाभार्थियों को लगाई वैक्सीन**

जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कमला नेहरू महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना में शनिवार को कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महाविद्यालय की छात्राओं, शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारियों को कोविशील्ड की लगभग 330 प्रथम व द्वितीय डोज लगाई गई। कमला नेहरू कॉलेज की निदेशक प्रो. संगीता लूंकड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय में परीक्षाएं प्रारंभ हो गयी हैं। अतः जो छात्राएं टीकाकरण से वंचित थीं उन्हें इस कैम्प के माध्यम से लाभान्वित किया गया। एनएसएस समन्वयक प्रो. के.आर. पटेल ने कोविड-19 वैक्सीनेशन की उपयोगिता के बारे में बताया तथा उनके निर्देशन में केएनसीडब्ल्यू की राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी डॉ. पंकज नामा, डॉ. रामलाल सैनी, डॉ. राजश्री राणावत, डॉ. अमिता धारीवाल, डॉ. कान्ता चौधरी एवं डॉ. पूनम पूनिया के सहयोग से कोविड प्रोटोकॉल की पालना करते हुए कैम्प का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कैम्प में डॉ. रोहित माथुर की टीम ने सहयोग दिया और बताया कि कैम्प में सभी वायल का पूर्णतया उपयोग किया गया तथा किसी का वेस्टेज नहीं हुआ।










दिनांक 13-08-2021

**कला संकाय में लगी 360 कॉवैक्सीन**

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के कला संकाय भाषा प्रकोष्ठ, नया परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में कुलपति प्रोफ़ेसर पीसी त्रिवेदी की प्रेरणा से तथा अधिष्ठाता प्रोफेसर के.एल. रैगर के मार्गदर्शन में कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं शैक्षणिक व शैक्षणिक कर्मचारियों को कॉवैक्सीन की 360 प्रथम व द्वितीय डोज लगाई गई। कला संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर के.एल. रैगर ने बताया कि जो छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं कर्मचारीगण टीकाकरण से वंचित रह गए थे उन्हें कैंप के माध्यम से लाभान्वित किया गया।

एनएसएस समन्वयक प्रोफेसर के.आर.पटेल ने कोविड-19 टीकाकरण की उपयोगिता के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर प्रवीण गहलोत, डॉ.सुरेश कुमार, डॉ.प्रवीण चंद, डॉ.श्रवणराज, डॉ.प्रेम सिंह, डॉ.दिनेश राठी ने कोरोना वायरस प्रोटोकॉल का पालन करते हुए शिविर का सफलतम आयोजन किया। इस अवसर पर डॉ कुलदीप सिंह मीणा डॉ. महिपाल सिंह राठौड़, डॉ.फत्ताराम नायक एवं शोधार्थी सुनील विश्नोई, सुखराम, भैराराम, भरत पटेल, जयसूर्या उपस्थित थे। कोरोना वैक्सीन टीम में डॉ.रवि नागल (एम. ओ. आई. सी.), डॉ. जयप्रकाश पालीवाल, सीएचओ देवेंद्र जानी, दिव्या चौहान शादिया, कमला, गैरॉन तथा एएनएम वंदना बिश्नोई, शोभा , पुष्पा , वंदना आदि ने सहयोग प्रदान किया और कार्यक्रम अधिकारियों ने इन समस्त टीम का आभार ज्ञापित किया। **कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर प्रवीण गहलोत** u f'kfoj dh 0;oLFkk dhA





जोधपुर, शुक्रवार, 13 अगस्त 2021

सुपरफास्ट न्यूज

**जेएनवीयू में टीकाकरण शिविर आज**

सबसिटी सुपरफास्ट

**जोधपुर।** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के सेमीनार हॉल, भाषा प्रकोष्ठ, कला संकाय, नया परिसर में कोविड-19 महामारी नियंत्रण के लिए एक दिवसीय टीकाकरण शिविर 13 अगस्त को प्रातः 10.30 से आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रोफेसर के.आर. पटेल ने बताया कि शिविर में 18 वर्ष से अधिक आयु वाले शिक्षकगण, कर्मचारीगण तथा विद्यार्थियों के टीके लगाए जाएंगे। टीकाकरण के लिए अपना आधार कार्ड एवं मोबाइल साथ लाना अनिवार्य अनिवार्य होगा। टीकाकरण शिविर में कोवैक्सीन की प्रथम व द्वितीय डोज लगाने की व्यवस्था की गई है।


**टीकाकरण शिविरों में भीड़ उमड़ी**

जोधपुर, 13 अगस्त (कासं)। शहर में अलग-अलग स्थानों पर लगाए गए शिविरों में सैकड़ों लोगों के कोविड वैक्सीन लगाई गई।

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के नया परिसर स्थित कला संकाय भाषा प्रकोष्ठ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में कुलपति प्रोफेसर पीसी त्रिवेदी की प्रेरणा तथा अधिष्ठाता प्रोफेसर केएल रैगर के मार्गदर्शन में कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं शैक्षणिक व शैक्षणिक कर्मचारियों को कोवैक्सीन की 360 प्रथम व द्वितीय डोज लगाई गई। कला संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर केएल रैगर ने बताया कि जो छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं कर्मचारीगण टीकाकरण से वंचित रह गए थे उन्हें कैंप के माध्यम से लाभान्वित किया गया। एनएसएस समन्वयक प्रोफेसर केआर पटेल ने कोविड-19 टीकाकरण की उपयोगिता के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर प्रवीण गहलोत, डॉ.सुरेश कुमार, डॉ. प्रवीण चंद, डॉ. श्रवणराज, डॉ. प्रेम सिंह, डॉ. दिनेश राठी ने सहयोग किया। शिविर में डॉ कुलदीप सिंह मीणा डॉ. महिपाल सिंह राठौड़, डॉ.फत्ताराम नायक एवं शोधार्थी सुनील विश्नोई, सुखराम, भैराराम, भरत पटेल, जयसूर्या उपस्थित थे। कोरोना वैक्सीन टीम में डॉ. रवि नागल एमओआईसी, डॉ.जयप्रकाश पालीवाल, सीएचओ देवेंद्र जानी, दिव्या चौहान शादिया, कमला, गैरॉन तथा एएनएम वंदना बिश्नोई शोभा पुष्पा वंदना आदि ने सहयोग प्रदान किया। वहीं भारत विकास परिषद जोधपुर मुख्य शाखा, नव शिक्षा समाज और सर प्रताप लॉ कॉलेज तथा चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सर प्रताप लॉ कॉलेज में आयोजित शिविर में पांच सौ लोगों के वैक्सीन लगाई गई। परिषद अध्यक्ष डॉ प्रभात माथुर और सचिव सुरेश चन्द्र भूतड़ा ने बताया कि परिषद और चिकित्सा विभाग ने मिलकर अब तक 10 शिविरों में कुल 2250 लोगों के वैक्सीन लगवाई है। शिविर में नव शिक्षा समाज के उपाध्यक्ष अनिल माथुर, सचिव दिन दयाल माथुर, सर प्रताप महाविद्यालय गवर्निंग बॉडी सदस्य दलपत सिंह खीची, कॉलेज डायरेक्टर एस एस राठौड़, खुश्बु माथुर, अंकुर माथुर, अनीश माथुर, उपस्थित रहे।

**रिको कार्यालय परिसर में टीकाकरण शिविर आयोजित :** लघु उद्योग भारती बोरानाडा इकाई अध्यक्ष बाबूलाल शाह ने बताया कि कोरोना महामारी से बचाव व सुरक्षा हेतु कोरोना बचाव टीकाकरण (वैक्सीन) कैम्प का आयोजन आज रिको ऑफिस के सामने सीएफसी भवन मे किया गया।

प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम ओझा व बोरानाडा इकाई अध्यक्ष बाबूलाल शाह ने बताया कि कैम्प मे 18 वर्ष से 44 तक के आयु के औद्योगिक इकाईयों के कर्मचारियों एवं श्रमिकों को 500 से अधिक टीके लगाये गये।

इस अवसर पर रीको बोरानाडा के क्षेत्रीय प्रबंधक विनीत गुप्ता, जोधपुर अंचल महासचिव महावीर चौपड़ा, जोधपुर अंचल सचिव नितिन सालेचा मनीष माहेश्वरी जोधपुर महानगर अध्यक्ष सुरेश कुमार विश्नोई, बोरानाडा उपाध्यक्ष राजेन्द्र सालेचा, कोषाध्यक्ष मनीष बंसल कार्यकारिणी सदस्य आशीष माथुर सदस्य जयेश भसाली, गिरीश हरवानी, जतिन खानचन्दानी इत्यादि गणमान्य उपस्थित रहे। बोरानाडा इकाई सचिव किशोर हरवानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।


**जेएनवीयू कला संकाय में 360 लोगों का टीकाकरण**

**जोधपुर|** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के कला संकाय भाषा प्रकोष्ठ नया परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में टीकाकरण किया गया। शिविर में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारियों सहित 360 लोगों को टीके लगाए गए। इस मौके पर प्रो. केआर पटेल, प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. प्रवीणचंद्र, डॉ. श्रवणराज, डॉ. प्रेम सिंह, डॉ. दिनेश राठी, डॉ. कुलदीप सिंह मीणा, डॉ. महिपाल सिंह राठौड़, डॉ. फत्ताराम नायक, सुनील विश्नोई, सुखराम, भैराराम, भरत पटेल, जयसूर्या, डॉ. बलवंत मंडा, डॉ. रवि नागल, डॉ. जयप्रकाश पालीवाल, देवेंद्र जानी, दिव्या चौहान, शादिया, कमला गैरॉन, एएनएम वंदना बिश्नोई, शोभा, पुष्पा, वंदना आदि मौजूद थे।

दिनांक: 13.08.2021

## के.एन. महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में चतुर्थ टीकाकरण शिविर का आयोजन

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कमला नेहरू महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शुक्रवार 13 अगस्त को कोविड-**19** टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय की छात्राओं**,** शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारियों को कोवैक्सीन की लगभग **300** प्रथम व द्वितीय डोज लगाई गई। इस अवसर पर कमला नेहरू कॉलेज की निदेशिका प्रो. संगीता लूंकड़ एवं एनएसएस समन्वयक प्रो. के.आर. पटेल ने कोविड-**19** वैक्सीनेशन के महत्व के बारे में बताया तथा उनके निर्देशन में कार्यक्रम अधिकारी **प्रोफेसर प्रवीण गहलोत,** डॉ. पंकज नामा**,** डॉ. रामलाल सैनी**,** डॉ. राजश्री राणावत**,** डॉ. अमिता धारीवाल**,** डॉ. कान्ता चौधरी एवं डॉ. पूनम पूनिया के सहयोग से कोविड प्रोटोकॉल की पालना करते हुए कैम्प का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कैम्प में डॉक्टर तथा नर्सिंग टीम ने सहयोग दिया और बताया कि कैम्प में सभी वायल का पूर्णतया उपयोग किया गया तथा किसी का वेस्टेज नहीं हुआ।







COVID VACCINATION CAMP
INDEPENDENCE DAY


INDEPENDENCE DAY


COVID VACCINATION CAMP
INDEPENDENCE DAY


INDEPENDENCE DAY


कमला नेहरू महिला महाविद्यालय
राष्ट्रीय सेवा योजना
कोविड-19
टीकाकरण शिविर


दिनांक: 13.08.2021

## सत्र 2020-21 की वार्षिक रिपोर्ट का अनावरण

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सत्र 2020-21 में की गयी समस्त गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट की प्रति माननीय कुलपति प्रोफेसर पी.सी. त्रिवेदी को भेंट की गयी । राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रोफेसर के आर पटेल ने सत्र 2020-21 में राष्ट्रिय सेवा योजना द्वारा किये गये कर्यों जैसे लॉकडाउन अवधि में झुग्गी झोपडियों, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन आदि स्थानों पर राशन वितरण, महामारी जागरूकता हेतु "नो मास्क नो एन्ट्री" अभियान के तहत शहर के गली-मौहल्लों में जागरूकता रैलियां, सेनेटाईजर, मास्क, पेम्पलेट वितरण, विश्वविद्यालय के सभी कार्यालयों, विभागों व शहर के सार्वजनिक स्थानों पर कोरोना बचाव हेतु बैनर व पोस्टर लगवाना, स्वयं सेवकों को अस्पताल भेजकर रक्त व प्लाज्मा दान करवाकर गंभीर मरीजों की जान बचाना तथा विश्वविद्यालय परिसर व गोद लिये गये गांवों में स्वास्थ्य जॉच शिविरों का आयोजन इत्यादि क बारे में जानकारी दी ।

माननीय कुलपति प्रोफेसर पी सी त्रिवेदी ने राष्ट्रिय सेवा योजना द्वारा किए गये सामाजिक हित का कार्यों की सराहना की तथा भविष्य में भी इसे अनवरत रूप से करते रहने की प्ररेण दी । इस अवसर पर सभी कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे | वार्षिक रिपोर्ट का संकलन प्रो प्रवीण गहलोत तथा डॉ उत्तम पालीवाल ने किया ।





दिनांक 15.08.2021

**75वें स्वतंत्रता दिवस पर स्व. प्रो. जैताराम विश्नोई पार्क में लगाए 75 नीम के पौधे**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के नया परिसर स्थित गुरू जम्भेश्वर पर्यावरण संरक्षण शोधपीठ में स्व. प्रोफेसर जैताराम विश्नोई पार्क में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रवीण चन्द्र त्रिवेदी ने वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्षों के बिना पृथ्वी पर जीवन असंभव हैं। शोधपीठ के निदेशक डॉ. ओमप्रकाश विश्नोई ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत् 75 वें स्वतंत्रता दिवस पर स्व. प्रो. जैताराम विश्नोई स्मृति उद्यान के अंदर एवं चारदीवारी के बाहर 75 पौधे लगाए गए।

राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल ने बताया कि एन एस एस विगत कई वर्षो से न केवल विश्वविद्यालय में अपितु गोद लिए गाँवों में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन करता रहा है। इस अवसर पर प्रो. पटेल ने ट्री गार्ड एवं श्री प्रदीप विश्नोई ने गडढे खोदने की मशीन उपलब्ध करवाई जिससे एन एस एस के स्वयं सेवकों ने गडढे खोदे एवं सभी पौधों को ट्री गार्ड लगा कर सुरक्षित भी किया। कार्यक्रम में स्व. प्रो. जेताराम विश्नोई के पुत्र अशोक विश्नोई, परीक्षा नियंत्रक प्रो. के. आर. गेनवा, के एन कॉलेज की निदेशक प्रो. संगीता लूंकड़ उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त उप. पुलिस अधीक्षक बाबूलाल गोदारा ने पौधे उपलब्ध करवाए।

कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. पंकज नामा, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. एस. एस. मीणा, डॉ. उत्तम पालीवाल सहित अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर एन एस एस के स्वयं सेवक भैराराम, जयसूर्या, सुमेरमल, दिनेश, सुरेन्द्र, भादाराम, शीतल सोनी, मोनिका चौधरी सहित अन्य स्वयं सेवकों ने स्वेच्छा से शपथ ग्रहण कर इन पौधों को नियमित तौर पर पानी देने एवं सार संभाल करने की जिम्मेदारी ली।











**वृक्षों के बिना जीवन असंभवः प्रो. त्रिवेदी**

जोधपुर, 17 अगस्त (कासं)। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के नया परिसर स्थित गुरू जम्भेश्वर पर्यावरण संरक्षण शोधपीठ में प्रोफेसर जैताराम विश्नोई पार्क में वृक्षारोपण किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. प्रवीण चन्द्र त्रिवेदी ने वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्षों के बिना जीवन असंभव है। शोधपीठ के निदेशक डॉ. ओमप्रकाश विश्नोई ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत् 75 पौधे लगाए गए। एनएसएस के समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल ने बताया कि कार्यक्रम में अशोक विश्नोई, परीक्षा नियंत्रक प्रो. के. आर. गेनवा, केएन कॉलेज की निदेशक प्रो. संगीता लूंकड़ उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी बाबूलाल गोदारा, प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. पंकज नामा, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. एस. एस. मीणा, डॉ. उत्तम पालीवाल ने सहयोग दिया।

# विवि में 75 नीम के पौधे लगाए

नवज्योति/जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय के नया परिसर स्थित गुरू जम्भेश्वर पर्यावरण संरक्षण शोधपीठ में स्व. प्रोफेसर जैताराम विश्नोई पार्क में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो.प्रवीण चन्द्र त्रिवेदी ने वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डाला। शोधपीठ के निदेशक डॉ.ओमप्रकाश विश्नोई ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत 75 वें स्वतंत्रता दिवस पर स्मृति उद्यान के अंदर एवं चारदीवारी के बाहर 75 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवक भैराराम, जयसुर्या, सुमेरमल, दिनेश, सुरेन्द्र, भादाराम,शीतल सोनी, मोनिका चौधरी सहित अन्य स्वयंसेवकों ने पौधे के सारसंभाल करने की जिम्मेदारी ली।



## ो. जैताराम विश्नोई पार्क में हुआ पौधरोपण

जोधपुर| जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के न्यू कैंपस स्थित गुरु जंभेश्वर पर्यावरण संरक्षण शोधपीठ में स्व. प्रोफेसर जैताराम विश्नोई पार्क में पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. प्रवीणचंद्र त्रिवेदी, शोधपीठ के निदेशक डॉ. ओमप्रकाश विश्नोई के आतिथ्य में उद्यान में और चारदीवारी के बाहर 75 पौधे लगाए। प्रो. केआर पटेल ने बताया कि अशोक विश्नोई, प्रो. केआर गैंवा, प्रो. संगीता लूंकड़ उपस्थित थे। सेवानिवृत्त उप-पुलिस अधीक्षक बाबूलाल गोदारा ने पौधे उपलब्ध करवाए। प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. पंकज नामा, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. एसएस मीणा, डॉ. उत्तम पालीवाल सहित अन्य शिक्षकों ने योगदान किया। इस अवसर पर भैराराम, जयसूर्या, सुमेरमल, दिनेश, सुरेंद्र, भादाराम, शीतल सोनी, मोनिका सहित अन्य स्वयंसेवकों ने शपथ ग्रहण कर पौधों को नियमित सार-संभाल की जिम्मेदारी ली।











दिनांक 20-08-2021

**विधि संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन**

माननीय कुलपति प्रोफेसर पी सी त्रिवेदी के निर्देश पर जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना नये सत्र की शुरुआत से पूर्व सभी विधार्थियों के वेक्सीन लगाने हेतु विश्वविद्यालय के परिसरो में लगातार वेक्सीनेशन केम्प का आयोजन कर रही है। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रोफेसर के आर पटेल ने बताया कि इस कड़ी में राजीव गांधी की जयंती पर आज दिनांक 20 अगस्त को शिविर का आयोजन विधि संकाय की इकाइयों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ निधि सन्दल ने बताया कि इसमे 400 कोविशील्ड की डोज लगाई गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ पी. के. मुषा ने बताया कि डॉ शशांक माथुर की टीम ने विश्वविद्यालय के विधार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके परिजनों के वेक्सीन लगाई गई। इस अवसर पर विधि संकाय की अधिष्ठाता प्रो चंदन बाला, प्रो सुनील आसोपा, प्रो ज्ञानसिंह शेखावत, कुलपति महोदय के निजी सचिव राजाराम सेंगवा सहित कई स्वयं सेवक उपस्थित रहे। **प्रो प्रवीण गहलोत** u f'kfoj dh 0;oLFkk dhA






**विधि संकाय में 400 लोगों को लगाई वैक्सीन**

नवज्योति/जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय के विधि संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रोफेसर केआर पटेल ने बताया कि चतुर्थ कैम्प का आयोजन विधि संकाय की इकाइयों द्वारा किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ निधि सन्दल ने बताया कि शिविर में 400 लोगों को कोविशील्ड की डोज लगाई गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.पीके मूथा ने बताया कि डॉ.शशांक माथुर की टीम ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके परिजनों के वैक्सीन लगाई। इस अवसर पर विधि संकाय की अधिष्ठाता प्रो चंदन बाला, प्रो सुनील आसोपा, डॉ.एस पी मीणा, प्रो.ज्ञानसिंह शेखावत, प्रो प्रवीण गहलोत सहित कई स्वयं सेवक उपस्थित रहे।









दिनांक 1-9-2021

## सायंकालीन अध्ययन संस्थान में कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. (डॉ.) पी.सी त्रिवेदी की प्रेरणा तथा संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) एस.के.मीणा के मार्गदर्शन में सायंकालीन अध्ययन संस्थान, पुराना परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कोविशील्ड की प्रथम व द्वितीय डोज लगाई गई। शिविर में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारियों को कोविशील्ड की प्रथम व द्वितीय डोज लगाई गई। सायंकालीन अध्ययन संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) एस.के. मीणा ने बताया कि राजस्थान सरकार की कोविड-19 गाइडलाईन के अनुसार 01 सितम्बर से संचालित की जाने वाली नियमित कक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए संस्थान के छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों का टीकाकरण कैम्प के माध्यम से किया गया।

एन.एस.एस. समन्वयक प्रो. के.आर. पटेल ने इस अवसर पर कोविड-19 टीकाकरण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एन.एस.एस. द्वारा आयोजित किये जाने वाले कैम्पों की श्रृंखला में यह छठा कैम्प है इसके पूर्व विज्ञान संकाय, कला संकाय, विधि संकाय, के.एन.कॉलेज, मोगडा कला आदि में शिविर लागये जा चुके हैं तथा यह श्रृंखला आगे भी जारी रहेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. ललित पंवार, डॉ. प्रवीणचन्द, डॉ. फत्ता राम नायक आदि ने कोविड दिशा निर्देशों की पालना करते हुए शिविर के सफल आयोजन में सहयोग किया।

शिविर में डॉ. रजनीकान्त त्रिवेदी, डॉ. ऋषभ गहलोत, डॉ. मीना बारूपाल आदि उपस्थित रहे। कोविड-19 टीकाकरण शिविर के आयोजन में राजकीय चिकित्सालय रेजिडेन्सी रोड़ के चिकित्साधिकारी डॉ. तेज सिंह तथा उनकी टीम के सुनिल कुमार, किरण कंवर, बेबी विश्नोई, प्रमोद कुमार, सत्तीस जोशी, श्याम सिंह, अल्का पंवार, भरता मीणा आदि ने सहयोग प्रदान किया। टीकाकरण शिविर के समापन अवसर पर कार्यक्रम अधिकारियों ने सभी का आभार प्रकट किया।












दिनांक 7-9-2021

## राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा नेत्र जाँच शिविर का आयोजन

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के बृहस्पति भवन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं ए. एस. जी. नेत्र चिकित्सालय समूह के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रवीण चन्द्र त्रिवेदी के निर्देशानुसार इस शिविर का आयोजन रखा गया है। उन्होने बताया कि इस शिविर के आयोजन का उद्धेश्य कोविड-**19** महामारी के पश्चात् शिक्षा-शिक्षण में आए बदलाव के वजह से शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को लम्बे समय तक कम्प्यूटर व लेपटॉप पर काम करने की वजह से आँखों पर पड़े नकारात्मक असर की जाँच करवाना एवं उचित परामर्श देना था।

राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल ने बताया कि शिविर में **150** से अधिक विश्वविद्यालय शिक्षकों**,** अधिकारियों**,** कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की नेत्र जाँच की गई। कार्यक्रम में परीक्षा नियंत्रक प्रो. के. आर. गेनवा**,** विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. पवन कसेरा**,** कुलसचिव श्रीमति गोमती शर्मा एवं विश्वविद्यालय अभियंता विनीत गुप्ता ने भी नेत्र जाँच करवाई एवं डॉक्टर्स से परामर्श लिया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम प्रभारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया कि पूर्व महापौर डॉ. ओम कुमारी गहलोत ने शिविर का अवलोकन किया एवं अपनी नेत्र जाँच भी करवाई। डॉ. ओम कुमारी गहलोत ने बताया कि ऐसे शिविरों का निरंतर आयोजन किये जाने चाहिए ताकि ऑनलाईन शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

ए. एस. जी. नेत्र चिकित्सालय समूह ने शिविर के लाभार्थियों हेतु चश्मे बनवाने में **10**% की छूट एवं अन्य जाँचों में भी रियायत देने की बात कही। शिविर को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज नामा**,** डॉ. अशोक कुमार पटेल**,** डॉ. रचना दिनेश**,** डॉ. प्रियंका पुरोहित**,** डॉ. सीमा सेन**,** डॉ. राजश्री राणावत एवं डॉ. रामलाल सैनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर स्वयंसेवक भैराराम**,** रामूराम**,** महेश मण्डा सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे।






### शिविर में 150 लोगों ने करवाई आंखों की जांच

जोधपुर| जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के बृहस्पति भवन में राष्ट्रीय सेवा योजना व एएसजी नेत्र अस्पताल समूह के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। इसमें 150 से अधिक शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों व स्टूडेंट्स ने जांच करवाई। इस मौके पर कुलपति प्रो. पीसी त्रिवेदी, प्रो. केआर पटेल, प्रो. केआर गेनवा, प्रो. पवन कसेरा, कुलसचिव गोमती शर्मा, पूर्व महापौर डॉ. ओम कुमारी गहलोत, डॉ. पंकज नामा, डॉ. सीमा सैन, डॉ. रामलाल सैनी, महेश मंडा आदि मौजूद थे।



## जेएनवीयू में नेत्र जांच शिविर का आयोजन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जोधपुर. जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के केंद्रीय कार्यालय में मंगलवार को नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों ने उत्साह से भागीदारी निभाई। पूर्व महापौर डॉ. ओम कुमारी गहलोत ने शिविर का अवलोकन किया। एनएसएस समन्वयक प्रो केआर पटेल ने बताया कि विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना और एएसजी नेत्र चिकित्सालय समूह के संयुक्त तत्वावधान में शिविर में 150 से अधिक विश्वविद्यालय शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की नेत्र जांच की गई।

## विवि एनएसएस के शिविर में 150 लोगों की नेत्र जांच

**नवज्योति/जोधपुर।** व्यास विश्वविद्यालय के बृहस्पति भवन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एएसजी नेत्र चिकित्सालय समूह के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के आर पटेल ने बताया कि शिविर में 150 से अधिक विश्वविद्यालय शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की नेत्र जाँच की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम प्रभारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया कि पूर्व महापौर डॉ. ओम कुमारी गहलोत ने शिविर का अवलोकन किया एवं अपनी नेत्र जाँच भी करवाई। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज नामा, डॉ. अशोक कुमार पटेल, डॉ. रचना दिनेश, डॉ. प्रियंका पुरोहित, डॉ. सीमा सेन, डॉ. राजश्री राणावत एवं डॉ. रामलाल सैनी का सहयोग रहा। इस अवसर पर स्वयंसेवक भैराराम, रामूराम, महेश मण्डा सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे।











दिनांक 22-9-21

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने रक्तदान देकर बचाया बच्चे का जीवन

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने एम्स जोधपुर के इमरजेन्सी वार्ड में भर्ती आठ वर्षीय बालक धीराराम को दो यूनिट रक्त देकर उसकी जान बचाई। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के.आर. पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एम.एस.सी. भौतिक विभाग, अन्तिम वर्ष के विधार्थी जयसूर्या के पास उसके एक परिजन का फोन आया कि एम्स के आपातकालीन इकाई में एक 8 वर्षीय बालक सर्पदंश के कारण भर्ती हैं उसको तुरन्त दो यूनिट ब्लड की आवश्यकता हैं इस पर जयसूर्या ने तुरन्त एन.एस.एस. ब्लड डोनर वाट्सअप ग्रुप में मैसेज डाला तथा व्यक्तिगत रूप से दूसरे स्वयं सेवकों से सम्पर्क किया जिस पर तुरन्त दो स्वयं सेवक एम.एस.सी. भौतिक विभाग के छात्र सुरेन्द्र चौधरी व तरूण सिसोदिया तैयार हुए तथा चलती कक्षा से स्वीकृति लेकर एम्स में ब्लड डोनेट कर उस बच्चे की जान बचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

प्रो. के.आर. पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना लगातार इस तरह के जन सेवा के कार्यों में अपनी सहभागिता निभा रही हैं। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया कि एन.एस.एस. ने एक वाट्सअप ग्रुप बनाया हैं जिस पर लगातार इस तरह के मैसेज आते रहते हैं व कोरोना काल में स्वयं सेवकों ने हर समय अस्पतालों में जाकर ब्लड डोनेट व प्लाज्मा डोनेट का कार्य किया हैं जो कि वर्तमान में भी अनवरत रूप से जारी हैं। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. पी.सी. त्रिवेदी ने एन.एस.एस. स्वयं सेवकों द्वारा जनसेवा के ऐसे कार्यों के लिए खुशी व्यक्त कर ऐसे स्वयं सेवकों को सम्मानित करने का आह्वान किया हैं।



### शाबास, एनएसएस के स्वयंसेवकों ने रक्तदान देकर बचाया बच्चे का जीवन

जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने एम्स जोधपुर के इमरजेन्सी वार्ड में भर्ती आठ वर्षीय बालक धीराराम को दो यूनिट रक्त देकर उसकी जान बचाई। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. केआर पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एमएससी भौतिक विभाग अन्तिम वर्ष के विद्यार्थी जयसूर्या के पास उसके एक परिजन का फोन आया कि एम्स के आपातकालीन इकाई में एक 8 वर्षीय बालक सर्पदंश के कारण भर्ती हैं उसको तुरन्त दो यूनिट ब्लड की आवश्यकता हैं। इस पर जयसूर्या ने तुरन्त एनएसएस ब्लड डोनर वाट्सअप ग्रुप में मैसेज डाला तथा व्यक्तिगत रूप से दूसरे स्वयं सेवकों से सम्पर्क किया। जिस पर तुरन्त दो स्वयं सेवक एमएससी भौतिक विभाग के छात्र सुरेन्द्र चौधरी व तरूण सिसोदिया तैयार हुए तथा चलती कक्षा से स्वीकृति लेकर एम्स में ब्लड डोनेट कर उस बच्चे की जान बचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया कि एनएसएस ने एक वाट्सअप ग्रुप बनाया हैं जिस पर लगातार इस तरह के मैसेज आते रहते हैं। कोरोना काल में स्वयंसेवकों ने हर समय अस्पतालों में जाकर ब्लड डोनेट व प्लाज्मा डोनेट का कार्य किया हैं, जो कि वर्तमान में भी अनवरत रूप से जारी हैं।








इमरजेंसी में भर्ती 8 वर्षीय बालक को चाहिए था रक्त

### घायल बच्चे को रक्त देने एम्स पहुंचे जेएनवीयू के छात्र

पत्रिका

मानवीय स्टोरी

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जोधपुर. जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के एमएससी के दो छात्रों ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के आपातकालीन इकाई में भर्ती एक अनजान बच्चे को अपना रक्त देकर उसकी जान बचाई। ...

'हमने कोविड में जरूरतमंदों की मदद के लिए ब्लड डोनर्स ग्रुप बनाया था। आज भी जरूरत पड़ने पर डेढ़ घण्टे में ही हमारे दो छात्रों ने रक्तदान करके बच्चे के जीवन को संकट से बाहर निकाला।'

प्रो प्रवीण गहलोत, कार्यक्रम अधिकारी (एनएसएस), जेएनवीयू

दिनांक 24-9-21

## विज्ञान संकाय में आमुखीकरण कार्यक्रम

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में आज दिनांक 24 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस की 52वीं वर्षगांठ पर आमुखीकरण व राष्ट्रीय सेवा योजना सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम अधिकारी प्रो प्रवीण गहलोत ने बताया कि मुख्य अतिथि विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो पवन कसेरा थे जबकि विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो के आर पटेल थे । कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वनस्पति विभग के विभागाध्यक्ष प्रो एच आर डागला थे । कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यक्रम अधिकारी प्रो प्रवीण गहलोत ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य, उद्देश्य व गतिविधियों पर अपना आमुखीकरण भाषण देते हुए स्वयं सेवको को समाज निर्माण हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने का आह्वान किया ।

अतिथि प्रो एच आर डागला ने विश्विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों के तहत विज्ञान संकाय में स्वच्छता अभियान चलाने व इस संकाय में पौधरोपण कर स्वच्छ बनाने का आह्वान किया । मुख्य अतिथि प्रो पवन कसेरा ने विद्यार्थीयों से राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने व "**स्वयं से पहले आप**" के वाक्य को चरितार्थ करने की सीख दी । उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थी स्वयं सेवक के द्वारा विश्विद्यालय का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखने व सेवा के क्षेत्र में इसे अग्रणी बनाने का आह्वान किया । राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो के आर पटेल ने विगत वर्ष की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए समाज सेवा के दृष्टिकोण को उजागर किया । उन्होंने 15 स्वयं सेवकों को सम्मानित करने की भी घोषणा की ।

कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवको ने सामाजिक हित के कार्य करने की शपथ ली व समाज मे व्याप्त कुरीतियों का उन्मूलन करने का संकल्प लिया । कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ रचना दिनेश व अशोक पटेल उपस्थित थे । कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ उत्तम पालिवाल द्वारा तैयार की गई । कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवक रमेश, ओम पुरी, सुमेरमल, जयसूर्या व सुरेंद्र ने सहयोग दिया । कार्यक्रम के अंत मे स्वयंसेवक जयपाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम के शुरुआत में सभी स्वयंसेवको को राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बंधित एक लघु फ़िल्म दिखाई गई ।

किया | इस अवसर पर अदिति दूबे, पिंकी मीणा, दिव्या, मनसा, मोना लीलड़, मोनिका रानी, खुशी, ज्योत्सना कुमारी, प्रियंका, अंजू, पूनम कंवर आदि स्वयं सेविकाओं के द्वारा कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया गया ।

अधिकारीयों ने यह संकल्प लिया की इस शैक्षणिक सत्र में 100 फलदार पौधे को लगातार देखभाल कर बड़ा किया जायेगा ।



**जेएनवीयू में मनाया एनएसएस स्थापना दिवस**

जोधपुर@पत्रिका. जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस की 52 वीं वर्षगांठ पर आमुखीकरण व राष्ट्रीय सेवा योजना सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विज्ञान संकाय अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार कसेरा और विशिष्ट अतिथि वनस्पति विभागाध्यक्ष प्रो. एचआर डागला ने अपने विचार रखे। अध्यक्षता एनएसएस समन्वयक प्रो. केआर पटेल ने की। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत बताया कि सभी स्वयंसेवकों को एनएसएस से सम्बंधित एक लघु फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम में गत वर्ष उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 स्वयं सेवकों को सम्मानित करने की घोषणा की गई।







एनएसएस स्वयंसेवकों को समाज निर्माण में भूमिका निर्वाह का किया आह्वान

राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया

नवज्योति/जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस की 52 वीं वर्षगांठ पर आमुखीकरण व राष्ट्रीय सेवा योजना सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार कसेरा थे, जबकि विशिष्ट अतिथि वनस्पति विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एच. आर. डागला थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के.आर. पटेल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य, उद्देश्य व गतिविधियों पर अपना आमुखीकरण भाषण देते हुए स्वयं सेवकों को समाज निर्माण हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के शुरुआत में सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बंधित एक लघु फिल्म दिखाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल ने विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत विगत वर्ष की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों द्वारा किये गये कार्यों जिनमें वृक्षारोपण, रक्तदान, टीकाकरण, मास्क वितरण, राशन वितरण, जन चेतना अभियान इत्यादि कार्य पर अपना उद्बोधन देते हुए स्वयंसेवकों को धन्यवाद दिया। 15 स्वयं सेवकों को सम्मानित करने की भी घोषणा की।

दिनांक 27-9-2021

**राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा प्रतिदिन रक्तदान**

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाइयों का व्हाट्सअप ग्रुप बनने के पश्चात लगभग प्रतिदिन रक्तदान कर जीवन बचाने के प्रयास किये जा रहे है। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो के.आर पटेल ने बताया कि सोशल मीडीया व्हाट्सअप ग्रुप में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी (स्वयंसेवक) जुडे हुए है। उन्हें ग्रुप में किसी के माध्यम से गंभीर बिमारियों से ग्रसित या खून की आवश्यकता के लिए मरीजों का निवेदन प्राप्त होता है। जिसमें परिणाम स्वरूप 5-10 मिनट में कोई स्वयंसेवक आगे आता है व मरीज का फोन नम्बर व अस्पताल का नाम पुछकर वहां रक्तदान करने पहुंच जाता है।

इसी क्रम में दिनांक 25.09.2021 को ग्रुप में निवेदन प्राप्त होने पर बी.एससी अन्तिम वर्ष के विद्यार्थी बाबु जाखड ने मेडीपल्स अस्पताल में रक्तदान किया। दिनांक 26.09.2021 को एम.एससी. अन्तिम वर्ष रसायनशास्त्र के विद्यार्थी भैराराम ने उम्मेद अस्पताल में प्लेटलेट्स का दान किया। गातव्य है कि भैराराम 13 बार प्लेटलेट्स व 08 बार रक्तदान कर चुके है। आज दिनांक 28 सितंबर मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एम. एस. सी. बॉटनी के चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र प्रवीण गौड़ को सूचना मिलने पर वह तुरंत रक्तदान के लिए तैयार हो गया तथा कक्षा पूरी होने पर महात्मा गांधी हॉस्पिटल में ब्लड डोनेट कर मरीज की जान बचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। दिनांक 27.09.2021 को एम.एससी भोतिकशास्त्र विज्ञान के विद्यार्थी अजय टाक ने एम्स अस्पताल में रक्तदान कर अन्य की जीवन रक्षा की। दिनांक 23.09.2021 को भी एम.एससी भोतिक शास्त्र के दो विद्यार्थी सुरेन्द्र व तरूण ने रक्तदान कर सर्पदंष से पीडित एक बच्चे के प्राण की रक्षा की।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में रक्तदान करने हेतु एक नया जज्बा व जोश है। इस पुनीत कार्य को आगे भी जारी रखने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी पदाधिकारी व स्वयंसेवक ने द्दढ संकल्प ले रखा है। इस पुनीत कार्य पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पी.सी त्रिवेदी ने सभी रक्तदान करने वाले विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया व उनकी हौसला आफजाई

की। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर पीसी त्रिवेदी ने ऐसे स्वयं सेवकों को विश्वविद्यालय की धरोहर बताया तथा उनके द्वारा मानवीय सेवा के लिए किए जा रहे कार्यों प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया।









## विवि के एनएसएस के स्वयंसेवक ने रक्तदान कर बचाई जान

**नवज्योति/जोधपुर।** व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक ने एम्स जोधपुर के इमरजेन्सी वार्ड में भर्ती मरीज निम्बाराम को रक्त की आवश्यकता होने पर एक यूनिट रक्त देकर उसकी जान बचाई।राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो.के.आर.पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक समय समय पर मानवता के हित में रक्तदान जैसा जीवन बचाने वाला कार्य करते रहते हैं। सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एम.एस.सी. भौतिक विज्ञान के द्वितीय सेमेस्टर के छात्र अजय टाक को सूचना मिलने पर वह तुरंत रक्तदान के लिए तैयार हो गया तथा चलती कक्षा से स्वीकृति लेकर एम्स में ब्लड डोनेट कर मरीज की जान बचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

दिनांक 28-9-21

## विश्वविद्यालय के नए परिसर में 197 यूनिट रक्तदान

जय नारायण जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के कला संकाय के सेमिनार हॉल में आज दिनांक 28 सितंबर को विज्ञान संकाय के छात्र प्रतिनिधि स्वर्गीय हरेंद्र बेड़ा की चतुर्थ पुण्यतिथि पर उसके परिजनों की उपस्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना व टीम हरेंद्र बेड़ा के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।

राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के आर पटेल ने बताया कि विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर पी सी त्रिवेदी के निर्देशन में एन एस एस द्वारा कोरोना काल में रक्त की आवश्यकता के मद्देनजर समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है । इसी कड़ी में आज मथुरादास माथुर अस्पताल व उम्मेद अस्पताल के ब्लड बैंकों में रक्त संग्रहण के लिए रक्तदान करने हेतु विश्वविद्यालय छात्रों का हुजूम उमड़ा । मथुरादास माथुर अस्पताल के लिए 102 यूनिट तथा उम्मेद अस्पताल के लिए 95 यूनिट रक्तदान किया गया ।

इस अवसर पर संकाय अधिष्ठाता प्रो. किशोरीलाल रैगर, एन एस एस के पूर्व समन्वयक प्रो.चेनाराम चौधरी, भूगर्भ विभागाध्यक्ष प्रो. सुरजा राम जाखड़ ने स्वयंसेवकों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित कर उत्साहवर्धन किया। अधिष्ठाता प्रो.किशोरीलाल रैगर ने स्वयंसेवकों को रक्तदान महादान का संदेश देते हुए रक्त दाताओं को स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र भेंट किए। पूर्व समन्वयक प्रो. चेनाराम चौधरी ने स्वयंसेवकों को रक्तदान के जीवन में अहमियत पर प्रकाश डालते हुए जन सेवा में हमेशा तत्पर रहते हुए योगदान देने का आग्रह किया।

रक्तदान शिविर में लूणी विधायक महेंद्र विश्नोई, बावड़ी प्रधान प्रतिनिधि राजूराम खोजा, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो प्रवीण गहलोत, डॉ सुरेश चौधरी, डॉ प्रवीण चंद, डॉ दिनेश राठी, डॉ प्रेम सिंह राजपुरोहित, डॉ ओम प्रकाश बिश्नोई, डॉ उत्तम पालीवाल तथा टीम हरेंद्र बेड़ा की तरफ से छात्र नेता हरेंद्र चौधरी, राजवीर बन्ता, महेंद्र सारण, धर्मवीर चौधरी, मुकेश चौधरी, महेंद्र चौधरी व अन्य कई छात्र नेता उपस्थित रहे ।







रक्तदान कर दी बेड़ा को श्रद्धांजलि


छात्र नेता बेड़ा की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित

जोधपुर(नसं)। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के कला संकाय के सेमिनार हॉल में आज विज्ञान संकाय के छात्र प्रतिनिधि स्वर्गीय हरेंद्र बेड़ा की चतुर्थ पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के आर पटेल ने बताया कि विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर पी सी त्रिवेदी के मार्ग निर्देशन में एन एस एस द्वारा कोरोना काल में रक्त की आवश्यकता के मद्देनजर समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

# जेएनवीयू के छात्रों ने किया 197 यूनिट रक्तदान

» सूर्यनगरी तहलका रिपोर्टर



जोधपुर। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के कला संकाय के सेमिनार हॉल में विज्ञान संकाय के छात्र प्रतिनिधि स्वर्गीय हरेंद्र बेड़ा की चतुर्थ पुण्यतिथि पर उनके परिजनों की उपस्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना व टीम हरेंद्र बेड़ा के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. केआर पटेल ने बताया कि विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर पीसी त्रिवेदी के मार्ग निर्देशन में एनएसएस द्वारा कोरोनाकाल में रक्त की आवश्यकता के मद्देनजर समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मथुरादास माथुर अस्पताल व उम्मेद अस्पताल के ब्लड बैंकों में रक्त संग्रहण के लिए रक्तदान करने हेतु विश्वविद्यालय छात्रों का हुजूम उमड़ा। मथुरादास माथुर अस्पताल के लिए 102 यूनिट तथा उम्मेद अस्पताल के लिए 95 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर संकाय अधिष्ठाता प्रो. किशोरीलाल रैगर, एनएसएस के पूर्व समन्वयक प्रो.चेनाराम चौधरी, भूगर्भ विभागाध्यक्ष प्रो. सूरजाराम जाखड़ ने स्वयंसेवकों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित कर उत्साहवर्धन किया। अधिष्ठाता प्रो. किशोरीलाल रैगर ने स्वयंसेवकों को रक्तदान महादान का संदेश देते हुए रक्त दाताओं को स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र भेंट किए। पूर्व समन्वयक प्रो. चेनाराम चौधरी ने स्वयंसेवकों को रक्तदान के जीवन में अहमियत पर प्रकाश डालते हुए जन सेवा में हमेशा तत्पर रहते हुए योगदान देने का आग्रह किया। शिविर में लूणी विधायक महेंद्र बिश्नोई, बावड़ी प्रधान प्रतिनिधि राजूराम खोजा, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो प्रवीण गहलोत, डॉ. सुरेश चौधरी, डॉ. प्रवीण चंद, डॉ. दिनेश राठी, डॉ. प्रेम सिंह राजपुरोहित, डॉ. ओम प्रकाश बिश्नोई, डॉ. उत्तम पालीवाल, टीम हरेंद्र बेड़ा की तरफ से छात्र नेता हरेंद्र चौधरी, राजवीर बन्ना, महेंद्र सारण, धर्मवीर चौधरी, मुकेश चौधरी, महेंद्र चौधरी व अन्य कई छात्र नेता उपस्थित रहे।

# पहलवान बेड़ा की स्मृति में किया 191 यूनिट रक्तदान

जोधपुर एक्सप्रेस न्यूज़



जोधपुर। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के कला संकाय के सेमिनार हॉल में मंगलवार को विज्ञान संकाय के छात्र प्रतिनिधि व पहलवान हरेंद्र बेड़ा की चतुर्थ पुण्यतिथि पर उसके परिजनों की उपस्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना व टीम हरेंद्र बेड़ा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में 191 यूनिट रक्तदान किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के आर पटेल ने बताया कि विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर पी सी त्रिवेदी के मार्ग निर्देशन में एन एस एस द्वारा कोरोना काल में रक्त की आवश्यकता के मद्देनजर समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर संकाय अधिष्ठाता प्रो. किशोरीलाल रैगर, एन एस एस के पूर्व समन्वयक प्रो.चेनाराम चौधरी, भूगर्भ विभागाध्यक्ष प्रो. सूरजाराम जाखड़ ने स्वयंसेवकों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित कर उत्साहवर्धन किया। अधिष्ठाता प्रो.किशोरीलाल रैगर ने स्वयंसेवकों को रक्तदान महादान का संदेश देते हुए रक्त दाताओं को स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र भेंट किए। पूर्व समन्वयक प्रो. चेनाराम चौधरी ने स्वयंसेवकों को रक्तदान के जीवन में अहमियत पर प्रकाश डालते हुए जन सेवा में हमेशा तत्पर रहते हुए योगदान देने का आग्रह किया।

रक्तदान शिविर में लूणी विधायक महेंद्र बिश्नोई, बावड़ी प्रधान प्रतिनिधि राजूराम खोजा, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो प्रवीण गहलोत, डॉ सुरेश चौधरी, डॉ प्रवीण चंद, डॉ दिनेश राठी, डॉ प्रेम सिंह राजपुरोहित, डॉ ओम प्रकाश बिश्नोई, डॉ उत्तम पालीवाल, टीम हरेंद्र बेड़ा की तरफ से छात्र नेता हरेंद्र चौधरी, राजवीर बन्ना, महेंद्र सारण, धर्मवीर चौधरी, मुकेश चौधरी, महेंद्र चौधरी व अन्य कई छात्र नेता उपस्थित रहे।



# स्टूडेंट्स ने भी किया रक्तदान

जेएनवीयू के छात्र प्रतिनिधि हरेंद्र बेड़ा की चतुर्थ पुण्यतिथि पर मंगलवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। न्यू कैंपस परिसर में सुबह दस बजे से आयोजित शिविर में युवाओं के साथ विवि के स्टूडेंट्स ने भी उत्साह से रक्तदान किया।












दिनांक 29.09.2021

## राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर का आयोजन

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज दिनांक 29 सितम्बर 2021 को संभाग स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य समन्वयक डॉ. धमेन्द्र सिंह चाहर, युवा अधिकारी डॉ. श्रवण कटारिया तथा युवा सहायक श्री कमल किशोर मक्कड उपस्थित थें। कार्यक्रम की शुरूआत में समन्वयक प्रो. के.आर. पटेल ने अतिथियों का साफा पहनाकर स्वागत किया तथा वर्ष **2020-21** की एन.एस.एस. रिपोर्ट की प्रति भेंट की। राज्य समन्वयक डॉ. धमेंन्द्र सिंह चाहर व युवा अधिकारी डॉ. श्रवण कटारियां ने उपस्थित प्रतिभागी स्वयं सेवको को राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यों व उपलब्धियों के बारे में बताया तथा गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिये प्रेरित किया।

प्रो. के.आर. पटेल ने बताया कि इस शिविर में जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय तथा जोधपुर सम्भाग के सभी जिलो में स्थित महाविद्यालयो के **55** स्वयं सेवकों ने भाग लिया जिनमें **30** छात्र व **25** छात्रायें थी। शिविर में डॉ. श्रवण कटारियां तथा श्री कमल किशोर मक्कड द्वारा स्वयं सेवकों की शारीरिक योग्यता, सांस्कृतिक रूझान व एन.एस.एस. के बारे में जानकारी तथा सामान्य ज्ञान का परीक्षण किया गया। शिविर में विश्वविद्यालय के एन सी सी अधिकारी डॉ ललित सिंह झाला द्वारा स्वयं सेवकों को परेड करायी गई।

वरीयता सूचि के आधार पर स्वयं सेवकों का पूर्व गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन किया गया। चयनित स्वयं सेवक दिल्ली में आयोजित होने वाले पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर तथा गणतंत्र दिवस परेड शिविर में भाग लेंगे।

कार्यक्रम के पश्चात सभी स्वयं सेवक व कार्यक्रम अधिकारियों ने शपथ ली की वे कोरोना महामारी के उन्मूलन हेतु राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देषो का पालन करेंगे व टीकाकरण के लिये लोगो को प्रेरित करेंगे। शिविर में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज नामा, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. रामलाल सैनी, डॉ. ललित पंवार, डॉ. फत्ताराम, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. रामप्रकाश सारण, डॉ. हेमसिंह गहलोत, डॉ. सीमा सेन, डॉ. शिव कुमार बरवड, डॉ. प्रियंका पुरोहित, डॉ. प्रवीण चंद, डॉ. खेताराम व डॉ. एस.एस. मीणा ने स्वयं सेवकों का परीक्षण किया। कार्यक्रम के संचालन में स्वयं सेवक भेराराम, सुमेर, राकेश, हरीश , मनोहर, जयसूर्या इत्यादि ने सहयोग दिया।








राजस्थान

30 सितंबर 2021, गुरूवार

# जे.एन.वि.यू. में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर आयोजित

**शिविर में विश्वविद्यालय के एन सी सी अधिकारी डॉ ललित सिंह झाला द्वारा स्वयं सेवकों को परेड करवाई**

किरण राजपुरोहित/ जोधपुर। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से 29 सितम्बर 2021 को संभाग स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य समन्वयक डॉ. धमेन्द्र सिंह चाहर, युवा अधिकारी डॉ. श्रवण कटारिया तथा युवा सहायक कमल किशोर मक्कड उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में समन्वयक प्रो. के.आर. पटेल ने अतिथियों का साफा पहनाकर स्वागत किया तथा वर्ष 2020-21 की एन.एस.एस. रिपोर्ट की प्रति भेंट की। राज्य समन्वयक डॉ. धमेन्द्र सिंह चाहर ... अधिकारी डॉ. श्रवण कटारियां ने उपस्थित प्रतिभागी स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यों व उपलब्धियों के बारे में बताया तथा गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिये प्रेरित किया।

प्रो. के.आर. पटेल ने बताया कि इस शिविर में जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय तथा जोधपुर सम्भाग के सभी जिलों में स्थित महाविद्यालयों के 55 स्वयं सेवकों ने भाग लिया जिनमें 30 छात्र व 25 छात्रायें थी। शिविर में डॉ. श्रवण कटारियां तथा श्री कमल किशोर मक्कड द्वारा स्वयं सेवकों की शारीरिक योग्यता, सांस्कृतिक रूझान व एन.एस.एस. के बारे में जानकारी तथा सामान्य ज्ञान का परीक्षण किया गया। शिविर में विश्वविद्यालय के एन सी सी अधिकारी डॉ ललित सिंह झाला द्वारा स्वयं सेवकों को परेड करायी गई।

परीक्षण के पश्चात मेरिट के आधार पर स्वयं सेवकों का पूर्व गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन किया गया। चयनित स्वयं सेवक दिल्ली में आयोजित होने वाले पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर तथा गणतंत्र दिवस परेड शिविर में भाग लेंगे।

कार्यक्रम के पश्चात सभी स्वयं सेवक व कार्यक्रम अधिकारियों ने शपथ ली की वे कोरोना महामारी के उन्मूलन हेतु राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करेंगे व टीकाकरण के लिये लोगों को प्रेरित करेंगे। शिविर में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज नामा, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. रामलाल सैनी, डॉ. ललित पंवार, डॉ. फत्ताराम, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. रामप्रकाश सारण, डॉ. हेमसिंह गहलोत, डॉ. सीमा सेन, डॉ. शिव कुमार बरवड, डॉ. प्रियंका पुरोहित, डॉ. प्रवीण चंद, डॉ. खेताराम व डॉ. एस.एस. मीणा ने स्वयं सेवकों का परीक्षण किया। कार्यक्रम के संचालन में स्वयं सेवक भेराराम, सुमेर, राकेश, हरीश, मनोहर, जयसूर्या इत्यादि ने सहयोग दिया।



## जेएनवीयू में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर आयोजित

जोधपुर, 29 सितम्बर (कास)। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई की ओर से सम्भाग स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर का आयोजन हुआ। राज्य समन्वयक डॉ. धर्मेन्द्र सिंह चाहर व युवा अधिकारी डॉ. श्रवण कटारिया ने एनएसएस के लक्ष्यों व उपलब्धियों के बारे में बताया तथा गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिये प्रेरित किया। प्रो. के.आर. पटेल ने बताया कि शिविर में जेएनवीयू तथा जोधपुर सम्भाग के सभी जिलों में स्थित महाविद्यालयों के 55 स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिनमें 30 छात्र व 25 छात्राएं थी। शिविर में डॉ. श्रवण कटारिया तथा कमल किशोर मकड़ ने शारीरिक योग्यता, सांस्कृतिक रूझान व सामान्य ज्ञान का परीक्षण किया। एनसीसी अधिकारी डॉ ललित सिंह झाला ने स्वयंसेवकों को परेड करायी। परीक्षण के पश्चात मेरिट के आधार पर चयन किया गया। चयनित स्वयंसेवक दिल्ली में आयोजित होने वाले पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर तथा गणतंत्र दिवस परेड शिविर में भाग लेंगे।













दिनांक 2-10-21

## प्रो.जेताराम विश्नोई स्मृति पार्क में औषधीय ग्रह-नक्षत्र वाटिका का उद्घाटन

## वाटिका में लगाए नक्षत्र, ग्रह व राशि के पौधें

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के गुरू जम्भेश्वर पर्यावरण संरक्षण शोधपीठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 02.10.2021 को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व पूर्व प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री के जन्मदिवस पर प्रो. जेताराम विश्नोई स्मृति पार्क में औषधीय ग्रह-नक्षत्र वाटिका का उद्घाटन किया गया।ग्रह-नक्षत्र वाटिका प्रभारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया की पर्यावरण संरक्षण,पेड़-पौधों की विविधता, एवं सनातन धर्मग्रन्थों के अनुसार वाटिका में 9 ग्रह, 12 राशियों व 27 नक्षत्र के प्रतीक पौधें वास्तुशास्त्र के अनुसार लगाकर वाटिका का निर्माण किया गया हैं। यह धर्म व पर्यावरण संरक्षण को जोड़ती हुई एक अनुठी पहल हैं।पश्चिमी राजस्थान में इस प्रकार की यह प्रथम वाटिका हैं।इस की विशेषता है कि एक ही स्थान पर हर नक्षत्र, ग्रह व राशि के पौधें उपलब्ध होंगे जो कि धार्मिक लोगों, पर्यावरण प्रेमियों व अन्य युवाओं के लिए आकर्षण का केन्द्र होगा। धार्मिक मान्यता के कारण लोग पेड़-पौधों की पूजा अर्चना करेंगे जिससे पर्यावरण को संरक्षण मिलेगा।इस वाटिका में कुल 48 पौधें लगाए गए हैं।

वाटिका का उद्घाटन मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रवीणचन्द्र त्रिवेदी ने किया। उन्होंने अपने उद्घाटन उद्बोधन में बताया की सभी धर्मो में पर्यावरण संरक्षण हेतु विशेष पौधों का वर्णन है अतः आज के सन्दर्भ में विभिन्न धर्मो से सम्बन्धित पेड़-पौधें लगाने से जैव-विविधता का संरक्षण होगा व धर्मप्रेमियों की पर्यावरण संरक्षण के प्रति रूचि जागृत होगी।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पं. ओमदत्त शंकर महाराज ने बताया की प्रत्येक नक्षत्र, राशि व ग्रह का एक विशेष पौधा होता हैं। इन पेड़-पौधों की पूजा-अर्चना व जल सिंचित करने से गृह राशिदोष का निवारण होता हैं।पीड़ित व्यक्ति में नई ऊर्जा का संचार होता है व पर्यावरण को भी संरक्षण मिलता हैं।विज्ञान सकांय के अधिष्ठाता प्रो.पवनकुमार कसेरा ने औषधीय पौधों की जानकारी देते हुए ग्रह नक्षत्र वाटिका को औषधीयों को खजाना बताया।उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत् वाटिका निर्माण पर अपना उद्बोधन देते हुए बताया की राष्ट्रीय सेवा योजना की पर्यावरण संरक्षण में महत्ती भूमिका होती है अतः इस वाटिका के देख-रेख की जिम्मेदारी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की होगी।विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इस वाटिका को गोद लेकर इसकी उचित देखभाल करेगा। वाटिका का वास्तु शास्त्र वनस्पति विशेषज्ञ डॉ. अशोककुमार पटेल ने तैयार किया जबकि वाटिका के निर्माण में वनस्पतिशास्त्र विभाग के शिक्षक डॉ. रचना दिनेश, डॉ. कामना शर्मा, डॉ. अल्केश टाक, डॉ. सुमित्रा कुमारी चौधरी, डॉ. सीमा सैन, डॉ. मीना बारूपाल,डॉ. शरद बिस्सा, डॉ. खेताराम, डॉ. निशा टाक, डॉ. श्वेता झा व प्रो. हुकम सिंह गहलोत ने विशेष सहयोग प्रदान किया।उद्घाटन समारोह में माननीय कुलपति महोदय प्रो. प्रवीणचन्द्र त्रिवेदी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व समन्वयक प्रो. जैताराम विश्नोई की स्मृति में बनायी गई टी-शर्ट का विमोचन किया गया तत्पश्चात् राष्ट्रीय सेवा योजना का संदेश देने वाली टी-शर्ट राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को भेंट की गई।

उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के सिंडीकेट सदस्य प्रो. के. आर. गेनवा,प्रो. संगीता लुंक्कड़, सायंकालीन सकांय निदेशक प्रो. एस.के. मीणा,  महात्मा गाँधी अध्ययन केन्द्र के निदेशक डॉ. हेमसिंह गहलोत, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एस.के. बरबड, डॉ. फताराम, डॉ. पकज नामा, डॉ. समय सिंह मीणा, डॉ. प्रवीणचन्द्र सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक एवं स्वयंसेवक बड़ी संख्या मेंउपस्थितथे।कार्यक्रम के अन्त में गुरू जम्भेश्वर शोध पीठ के निदेशक डॉ. ओमप्रकाश विश्नोई ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया व वाटिका लगाने में सहयोग करने वाले वनस्पति विशेषज्ञों का आभार प्रकट किया।कार्यक्रम का संचालन प्रो. प्रवीण गहलोत ने किया।कार्यक्रम के पश्चात सभी आगन्तुको को एक ग्रह-नक्षत्र-राशि सम्बन्धित वृक्षों के नाम व उनसे सम्बन्धित जानकारी का एक पेम्पलेट भी दिया गया।

वाटिकामें 27 नक्षत्रों, 9 ग्रह व 12 राशियों के पौधे लगाये गए जैसे की अश्विनी नक्षत्र के लिए कुचिला, भरणी नक्षत्र के लिए आंवला, कृतिका के लिए गूलर, रोहिणी के लिए जामुन, पुष्य नक्षत्र के लिए पीपल, चित्रा नक्षत्र के लिए बेल, रेवती नक्षत्र के लिए महुआ, ज्येष्ठा नक्षत्र के लिए चीड़, व अन्य नक्षत्र के पौधें लगाए हैं। इसी प्रकार सूर्य ग्रह के लिए आक, चन्द्रग्रह के लिए ढाक

या पलाश, मंगलग्रह के लिए खैर, बृहस्पतिग्रह के लिए पीपल, शनिग्रह के लिए खेजड़ी वृक्ष व अन्य ग्रहों के वृक्ष लगाए गए हैं। राशियों से सम्बन्धित वृक्षों में मेष राशि के लिए आंवला, मिथुनराशि के लिए शीशम, कन्याराशि के लिए रीठा, तुला के लिए अर्जुन, मकरराशि के लिए मदार (आक), कुम्भराशि के लिए कदम्ब व मीनराशि के लिए नीम का पौधा लगाया गया।







जन जागरण के लिए प्रदर्शनी लगाई गई। जसवंतसिंह कच्छवाह व अधीक्षक डॉ. राजश्री बेहरा ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

▪ नवज्योति मनोविकास विशेषज्ञ शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज में जयंती मनाई। दिव्यांग बच्चों ने पुराने अखबार से पेपर बैग बनाकर प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण का संदेश दिया।

▪ जेएनवीयू, गुरु जंभेश्वर पर्यावरण संरक्षण शोधपीठ और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में प्रो. जैताराम विश्नोई स्मृति पार्क में औषधीय ग्रह-नक्षत्र वाटिका का उद्घाटन किया। वाटिका प्रभारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान में इस प्रकार की यह प्रथम वाटिका है। इसमें 48 पौधे लगाए हैं।

## वाटिका का उद्घाटन

जोधपुर. जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के गुरु जंभेश्वर पर्यावरण संरक्षण शोध पीठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को गांधी जयंती के मौके पर स्वर्गीय प्रो जेताराम विश्नोई स्मृति पार्क में औषधीय ग्रह नक्षत्र वाटिका का उद्घाटन किया गया। वाटिका प्रभारी प्रो प्रवीण गहलोत ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण, पेड़ पौधों की विविधता को देखते हुए वाटिका में नौ ग्रह, 12 राशियों व 27 नक्षत्र के प्रतीक वास्तु शास्त्र के अनुसार पौधे लगाकर वाटिका का निर्माण किया गया है। वाटिका में कुल 48 पौधे लगाए गए हैं। वाटिका का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रवीण चंद त्रिवेदी ने किया।




















दिनांक 4-10-21

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक की प्रेरणा से तीन जनों ने रक्तदान करके बच्चे का जीवन बचाया

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के एक स्वयंसेवक की प्रेरणा से आज दिनांक 4 अक्टूबर 2021 को तीन छात्रों ने रक्तदान करके एक बच्चे का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की ।

समन्वयक प्रो के. आर. पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एमएससी भौतिक शास्त्र के फाइनल ईयर का छात्र जयसूर्या लाइब्रेरी में बैठकर पढ़ाई कर रहा था तभी उसके पास एनएसएस द्वारा बनाए गए " एन एस एस ब्लड डोनर व्हाट्सएप ग्रुप" पर एक मैसेज आया कि मेडिपल्स हॉस्पिटल में हृदय रोग से पीड़ित 6 वर्षीय वर्षीय बालक बबलू को रक्त की आवश्यकता है ।

उसी समय जयसूर्या ने लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रहे 3 छात्रों प्रकाश कुमार , धर्माराम तथा सुटू परिहार को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जिससे इन तीनों छात्रों ने तुरंत मेडिपल्स पहुंचकर रक्तदान कर बच्चे के जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की । एन एस एस के स्वंयसेवक़ समय समय पर खुद भी रक्तदान करते हैं व दूसरों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करते रहते हैं ।



### एनएसएस स्वयंसेवक की प्रेरणा से तीन जनों ने रक्तदान कर बच्चे का जीवन बचाया

**नवज्योति/जोधपुर।** व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के एक स्वयंसेवक की प्रेरणा से सोमवार को तीन छात्रों ने रक्तदान करके एक बच्चे का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की । समन्वयक प्रो केआर पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एमएससी भौतिक शास्त्र के फाइनल ईयर का छात्र जयसूर्या लाइब्रेरी में बैठकर पढ़ाई कर रहा था, तभी उसके पास एनएसएस द्वारा बनाए गए एन एस एस ब्लड डोनर व्हाट्सएप ग्रुप पर एक मैसेज आया कि मेडिपल्स हॉस्पिटल में हृदय रोग से पीड़ित 6 वर्षीय वर्षीय बालक बबलू को रक्त की आवश्यकता है ।



### जेएनवीयू के तीन छात्रों ने रक्तदान किया

जोधपुर, 4 अक्टूबर (कासं)। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक की प्रेरणा से तीन छात्रों ने रक्तदान करके एक बच्चे का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। समन्वयक प्रो केआर पटेल ने बताया कि एनएसएस के स्वयंसेवक जयसूर्या लाइब्रेरी में अध्ययन कर रहा था, तभी एनएसएस ब्लड डोनर व्हाट्सएप ग्रप पर मैसेज आया कि मेडिपल्स हॉस्पिटल में हृदय रोग से पीड़ित 6 वर्षीय वर्षीय बालक बबलू को रक्त की आवश्यकता है। जिस पर जयसूर्या ने लाइब्रेरी में पढाई कर रहे तीन छात्रों प्रकाश कुमार, धर्माराम तथा सुटू परिहार को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। जिस पर तीनों छात्रों ने तुरत मेडिपल्स पहुंचकर रक्तदान किया।



### एनएसएस के स्वयंसेवक की प्रेरणा से 3 छात्रों ने रक्तदान कर बच्चे का जीवन बचाया

जोधपुर | जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के एक स्वयंसेवक की प्रेरणा से सोमवार को तीन छात्रों ने रक्तदान करके एक बच्चे का जीवन बचाया। समन्वयक प्रो केआर पटेल ने बताया कि एनएसएस का स्वयंसेवक एमएससी भौतिक शास्त्र के फाइनल ईयर का छात्र जयसूर्या लाइब्रेरी में बैठकर पढ़ाई कर रहा था। तभी उसके पास सोशल मीडिया पर एनएसएस ब्लड ग्रुप पर एक मैसेज आया कि एक निजी अस्पताल में हृदय रोग से पीड़ित 6 वर्षीय बालक बबलू को रक्त की आवश्यकता है। जयसूर्या ने लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रहे 3 छात्रों प्रकाश कुमार, धर्माराम तथा सुटू परिहार को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इन तीनों छात्रों ने तुरंत अस्पताल पहुंचकर रक्तदान कर बच्चे का जीवन बचाया।



दिनांक 11-10-21

**एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ पटेल ने एस डी पी डोनेट कर बचायी डेंगू मरीज की जान**

जयनारायण व्यास विश्विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना, विज्ञान संकाय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने आपातकालीन स्थिति में एस डी पी डोनेट कर एक गम्भीर रूप से डेंगू रोग से ग्रसित मरीज की जान बचाई। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक निःस्वार्थ भाव से समय-समय पर रक्तदान, प्लाज्मा दान व प्लेटलेट्स दान करने जैसे समाजिक सरोकार के कार्य करते रहते हैं। प्रतिदिन विश्वविद्यालय के स्वयं सेवक व्हाटसएप ग्रुप पर आने वाले संदेश के तहत् रक्तदान व प्लेटलेट्स दान करते है। इसी क्रम में आज राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयं एस डी पी दान कर अपने स्वयंसेवकों के लिए मिसाल पेश कर उन्हें प्रोत्साहित करने का कार्य किया।

डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि उन्होंने तीन बजे वाली क्लास शुरू की ही थी कि उनके पास बाड़मेंर निवासी राजेन्द्र चारण का फोन आया कि उनके जीजाजी भोमदान चारण का डेंगू की वजह से प्लेटलेट काउंट घटकर मात्र 3000 रह गया हैं व उनका जीवन संकट में है तथा उन्हें तुरंत ओ-पॉजिटिव ब्लड के एस पी डी की जरूरत हैं। डॉ. पटेल ने क्लास छोड़ अपने विभागाध्यक्ष से अनुमति लेकर तुरंत मथुरादास अस्पताल पहुँचे एवं प्रारंभिक जाँच के बाद एस डी पी डोनेट किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रवीण चंद्र त्रिवेदी ने डॉ. पटेल को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा किए नेक कार्य की तारीफ की। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया कि विगत दिनों में राष्ट्रीय सेवा योजना के कई स्वयं सेवकों ने आपात परिस्थितियों में अपने ब्लड डोनर व्हाटसएप ग्रुप के माध्यम से रक्तादान एवं एस डी पी दान करवाकर काफी मरीजों के जीवन बचाने का कार्य किया हैं।



**एनएसएस समन्वयक ने डेंगू रोगी को एसडीपी डोनेट कर जान बचाई**

नवज्योति/जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक ने आपातकालीन स्थिति में एसडीपी डोनेट कर एक गम्भीर रूप से डेंगू रोग से ग्रसित मरीज की जान बचाई। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के आर पटेल ने बताया कि बाड़मेर निवासी राजेन्द्र चारण का फोन आया कि उनके जीजाजी भोमदान चारण का डेंगू की वजह से प्लेटलेट काउंट घटकर मात्र 3000 रह गया है। उनका जीवन संकट में है तथा उन्हें तुरंत ओ पॉजिटिव ब्लड के एसपीडी की जरूरत हैं। डॉ.पटेल ने क्लास छोड़ अपने विभागाध्यक्ष से अनुमति लेकर तुरंत मथुरादास अस्पताल पहुँचे एवं प्रारंभिक जाँच के बाद एसडीपी डोनेट किया। कुलपति प्रो.प्रवीण चंद्र त्रिवेदी ने डॉ.पटेल को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सराहना की।



दिनांक 9-10-21

**कमला नेहरू महाविद्यालय में पंचम टीकाकरण शिविर का आयोजन**

आज दिनांक 9-10-21 को जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के कमला नेहरू महाविद्यालय में टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया । निर्देशिका प्रो संगीता लुंकड़ के निर्देशन में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ कांता चौधरी, डॉ अमिता धारीवाल, डॉ रचना दिनेश एवं डॉ सीमा सेन की सक्रिय भागीदारी से कैंप का संचालन कोविड-19 प्रोटोकाल की पालना करते हुए हुआ ।

कैंप में छात्राओं, शिक्षकों व शैक्षणिक कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के कोविशिल्ड टीका लगाया गया | कैंप में प्रथम व द्वितीय दोनों डोज मिलाकर 238 लोगों का टीकाकरण डॉक्टर तेज सिंह की दो टीमों द्वारा किया गया । प्रो संगीता लुन्कड़ ने डॉ बलवंत मंडा, डॉ कौशल दवे एवं चिकित्सा अधिकारी डाक्टर तेज सिंह व उनकी टीम का आभार व्यक्त किया ।






**केएन कॉलेज में 238 स्टूडेंट्स व स्टाफ के टीके लगाए**



जोधपुर | कमला नेहरू महिला कॉलेज में शनिवार को आयोजित कैंप में 238 स्टूडेंट्स और स्टाफ का टीकाकरण किया गया। कॉलेज निदेशक प्रो. संगीता लूंकड़ के निर्देशन में आयोजित कैंप में एनएसएस इकाई अधिकारी डॉ. कांता चौधरी, डॉ. अमिता धारीवाल, डॉ. रचना दिनेश व डॉ. सीमा सैन मौजूद थे। टीकाकरण डॉ. तेजसिंह की अगवाई में दो टीमों ने किया। प्रो. लूंकड़ ने सीएमएचओ डॉ. बलवंत मंडा व आरसीएचओ डॉ. कौशल दवे का आभार जताया।

**केएन हॉल में टीकाकरण शिविर का आयोजन**



जोधपुर, 9 अक्टूबर (कासं)। आज जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में आज टीकाकरण कैम्प का आयोजन किया गया। निदेशिका प्रोफ़ेसर संगीता लूँकड निर्देशन में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के प्रोग्राम ऑफ़िसर डा. कांता चौधरी, डा. अमिता धारीवाल, डा. रचना दिनेश एवं डा. सीमा सेन की सक्रिय भागीदारी से कैम्प का संचालन कोविड प्रोटोकॉल की पालना करते हुए हुआ। कैम्प में छात्राओं, शिक्षकों, अशैक्षणिक कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के कोविशील्ड टीका लगाया गया।कैम्प में प्रथम व द्वितीय दोनो डोज़ मिला कर 238 लोगों का टीकाकरण डॉक्टर तेज़ सिंह की दो टीमों द्वारा किया गया। प्रोफ़ेसर संगीता लूँकड ने डॉ. बलवंत मंडा एवं डॉ. कौशल दवे एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. तेज़ सिंह व उनकी टीम ा आभार व्यक्त किया।

दिनांक 16-10-2021

### पूर्व गणतंत्र दिवस परेड 2022 के लिए पांच स्वयं सेवकों का चयन

पूर्व गणतंत्र दिवस परेड 2022 के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना - जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर की ईकाई से पांच स्वयं सेवकों का चयन हुआ। परेड क लिए पांच स्वयं सेवक क्रमश जयसूर्या, गिरीराज, भवानी सिंह, चन्द्रिका, एवं दिव्या विश्नोई को चयनित किया गया है। गौरतलब है कि राजस्थान से चयनित एनएसएस के 30 छात्र व 30 छात्राओं में से जेएनवीयू जोधपुर के कुल 5 स्वयंसेवक है।

इस परेड के लिए सभी स्वयं सेवको का दस दिवसीय प्रशिक्षण 18 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक बियानी कॉलेज ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट कॉलेज कलवर, जयपुर में रहेगा। प्रशिक्षण में भाग लेने से पूर्व विश्वविद्यालय एनएसएस समन्वयक प्रो. खरताराम पटेल के नेतृत्व में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ प्रवीण चंद एवं डॉ पंकज नामा के निर्देशन में माननीय कुलपति प्रो. प्रवीण चंद त्रिवेदी से मुलाकात की। प्रो त्रिवेदी ने स्वयंसेवकों को आशिर्वाद एवं शुभकामनाएं प्रदान करने के साथ ही एनएसएस स्वयंसेवकों को टीशर्ट भेंट की।








गणतंत्र दिवस पूर्व परेड में 5 स्वय सेवकों का चयन

**जोधपुर @ पत्रिका.** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के पांच स्वयंसेवकों का गणतंत्र दिवस पूर्व परेड के लिए चयन किया गया है। एनएसएस समन्वयक प्रो खरताराम पटेल ने बताया कि जयसूर्या, गिरीराज, भवानी सिंह, चन्द्रिका और दिव्या विश्नोई का चयन किया गया है। परेड के लिए सभी स्वयं सेवको का दस दिवसीय प्रशिक्षण 18 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक बियानी कॉलेज ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट कॉलेज कलवर जयपुर में रहेगा। प्रशिक्षण में भाग लेने से पूर्व स्वयंसेवकों ने शनिवार को कुलपति प्रो पीसी त्रिवेदी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ प्रवीण चंद और डॉ पंकज नामा से मुलाकात की। गौरतलब है कि राजस्थान से चयनित एनएसएस के 30 छात्र और 30 छात्राओं में से जेएनवीयू के कुल 5 स्वयंसेवक हैं।



दिनांक 16-12-2021

## विश्वविद्यालय के दो छात्रों का गणतंत्र दिवस परेड हेतु चयन

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विज्ञान संकाय के दो स्वयंसेवकों का वर्ष 2022 की गणतंत्र दिवस समारोह पर राजपथ पर होने वाली परेड हेतु चयन हुआ है।राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल ने बताया की वर्ष 2022 के गणतंत्र दिवस परेड हेतु उत्तरी भारत के प्रतिभागियों का चयन हेतु पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर का आयोजन बियानी कॉलेज,जयपुर में दिनांक 18-10-2021 से 27-10-2021 किया गया था।पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर उत्तरी भारत के विभिन्न राज्यों की सरकारी, निजी विश्वविद्यालय तथा कॉलेजों के 200 स्वयंसेवकों ने भाग लिया था।

शिविर में सुबह 05:00 बजे से देर रात्री तक स्वयंसवकों से योगा, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, व्यक्तित्व विकास इत्यादि मापदंड पर प्रशिक्षण देकर अंतिम चयन किया गया जिसमें राजस्थान से कुल चार स्वयंसेवकों का चयन राजस्थान के प्रतिनिधित्व हेतु किया गया।उपरोक्त चार स्वयंसेवकों में से जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के दो स्वयंसेवक जयसूर्या व गिरिराज परिहार चयनित हुए हैं।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया की स्नातकोत्तर भौतिक विज्ञान के छात्र जयसूर्या पिछले पाँच वर्षो से राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े हुए है जबकि गिरिराज परिहार विज्ञान संकाय में द्वितीय वर्ष के छात्र हैं।

विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. प्रवीणचन्द्र त्रिवेदी ने दोनों स्वयंसेवकों को गणतंत्र दिवस परेड में चयन होने पर शुभकामनाएं दी व विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन करने हेतु आर्शिवचन कहें।राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्य कार्यक्रम अधिकारियों व स्वयंसेवकों द्वारा भी चयनीत दोनों छात्रों का माला पहनाकर अभिन्दन किया गया ।



विवि के दो छात्रों का गणतंत्र दिवस परेड में चयन

नवज्योति/जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विज्ञान संकाय के दो स्वयं सेवकों का वर्ष 2022 की गणतंत्र दिवस समारोह पर राजपथ पर होने वाली परेड हेतु चयन हुआ है। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो.के.आर. पटेल ने बताया कि वर्ष 2022 के गणतंत्र दिवस परेड हेतु उत्तरी भारत के प्रतिभागियों के चयन हेतु पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर का आयोजन बियानी कॉलेज जयपुर में किया था। पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर उत्तरी भारत के विभिन्न राज्यों की सरकारी व प्राईवेट विश्वविद्यालय व कॉलेजों के 200 स्वयंसेवकों ने भाग लिया था। राजस्थान से कुल चार स्वयं सेवकों का चयन राजस्थान के प्रतिनिधित्व हेतु किया गया। उन चार स्वयंसेवकों में से व्यास विश्वविद्यालय के दो स्वयं सेवक जयसूर्या व गिरिराज परिहार चयनित हुए हैं। स्नातकोत्तर भौतिक विज्ञान के छात्र जयसूर्या पिछले पाँच वर्षो से राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े हुए हैं। जबकि गिरिराज परिहार विज्ञान संकाय में द्वितीय वर्ष के छात्र हैं।



चयन: जेएनवीयू के दो छात्र करेंगे राजपथ पर गणतंत्र दिवस परेड

जोधपुर @ पत्रिका. जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विज्ञान संकाय के दो स्वयंसेवकों जयसूर्या और गिरीराज परिहार का वर्ष 2022 के गणतंत्र दिवस समारोह पर राजपथ पर होने वाली परेड के लिए चयन किया गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. केआर पटेल और विज्ञान संकाय प्रभारी डॉ प्रवीण गहलोत ने बताया कि अगले साल होने वाले गणतंत्र दिवस परेड के लिए उत्तरी भारत के प्रतिभागियों के चयन के लिए पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर का आयोजन बियानी कॉलेज जयपुर में किया गया। इसमें 200 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर में सुबह 5 बजे से देर रात्रि तक स्वयं सवकों से योगा, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, व्यक्तित्व विकास इत्यादि मापदंड पर प्रशिक्षण देकर अंतिम चयन किया गया। राजस्थान से कुल चार स्वयं सेवकों का चयन प्रदेश के प्रतिनिधित्व के लिए किया गया है।

दिनांक 19-12-2021

**विज्ञान संकाय में द्वितीय आमुखीकरण कार्यक्रम : सक्रिय स्वयंसेवकों को प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित**

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले एक दिवसीय शिविर का आयोजन वनस्पति शास्त्र विभाग के बोटैनिकल गार्डन में किया गया । राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रोफेसर के. आर. पटेल के निर्देशानुसार इस शिविर का आयोजन स्नाकोत्तर स्तर के स्वंयसेवकों के लिए किया गया । वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर प्रवीण गहलोत ने बताया कि इस शिविर में पूर्वाद्ध कक्षा के नए स्वंयसेवकों का आमुखीकरण एवं पंजीयन किया गया तथा उत्तराद्ध कक्षा के स्वंयसेवकों का ससम्मान विदाई समारोह रखा गया। कार्यक्रम में पिछले पाँच वर्षों से राष्ट्रीय सेवा योजना के पंद्रह सक्रिय स्वंयसेवकों को प्रशस्ति-पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया ।

इस अवसर पर विदाई ले रहे स्वंयसेवकों ने अपने पाँच वर्षों के अनुभव साझा किए एवं राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने के बाद उनके जीवन में आये सकारात्मक परिवर्तनों की चर्चा की । स्वंयसेवकों ने स्वेच्छिक प्रस्तुतियां भी दी जिसमें लोक-गीत, समूह गीत एवं देशभक्ति गीत शामिल थे । इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका पुरोहित, डॉ. अशोक कुमार पटेल एवं डॉ. खेताराम ने भी अपने उद्धबोधन से स्वंयसेवकों की हौसला-अफजाई की । इस शिविर को सफल बनाने में स्वयंसेवक जयपाल, प्रवीण, रमेश, सुमेरमल, सुनील एवं भैराराम का योगदान रहा तथा विभागीय कर्मचारी पुनाराम, केवलचंद, प्रेमसिंह एवं आनंद का महत्वपूर्ण सहयोग रहा ।





विज्ञान संकाय एनएसएस का आमुखीकरण कार्यक्रम

जेएनवीयू में स्वयंसेवकों

कक्षा के नए स्वयं सेवकों का आमुखीकरण एवं पंजीयन किया गया। उत्तरार्द्ध कक्षा के स्वयं सेवकों का विदाई समारोह रखा गया। स्वयंसेवकों ने अपने पांच वर्षों के अनुभव साझा किए। कुछ स्वयंसेवकों लोक-गीत, समूह गीत एवं देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका पुरोहित, डॉ. अशोक कुमार पटेल और डॉ. खेताराम ने भी अपना उद्बोधन दिया।





दिनांक 12-01-2022

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की विज्ञान संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाइयों ने राष्ट्रीय युवा दिवस वनस्पति शास्त्र विभाग में समारोहपूर्वक मनाया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रवीण चंद्र त्रिवेदी के आदेशानुसार कार्यक्रम का आयोजन कोविड उपयुक्त व्यवहार अपनाते हुए किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रोफेसर के. आर. पटेल के निर्देशानुसार स्वंयसेवकों ने नया परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद की मूर्ति-स्थल पहुँच उनको नमन किया और उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की शपथ ली।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर प्रवीण गहलोत ने स्वामीजी का जीवन परिचय दिया एवं उनके द्वारा किये कार्यों को अनुकरणीय बताते हुए सभी को अपने जीवन में अपनाने की बात कही। वनस्पतिशास्त्र विभागाध्यक्षा प्रोफेसर सुनीता अरोड़ा ने स्वामी विवेकानंद को युवाओं का आदर्श बताते हुए उनके द्वारा अपने अल्प जीवन काल में किये गए उत्कृष्ट कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने स्वामी के उपदेश "उठो, जागो और तब तक नहीं रुको, जब तक कि लक्ष्य न प्राप्त हो जाए" पर अपना व्यक्तव्य दिया। डॉ. खेता राम ने स्वामीजी के प्रेरणादायक विचारों से स्वंयसेवकों को रूबरू करवाया। इस अवसर पर एमएससी के स्वंयसेवक दल्लाराम एवं संतोष ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में केवलचंद सेन एवं अन्य का सहयोग रहा



अपने विचार रखे।

जेएनवीयू की विज्ञान संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाइयों की ओर से वनस्पति शास्त्र विभाग में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। सबसे पहले स्वयंसेवकों ने नया परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर उनको नमन किया। कार्यक्रम को एनएसएस के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रवीण गहलोत, वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो सुनीता अरोड़ा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कुमार पटेल, डॉ खेता राम, एमएससी के स्वयंसेवक दलाराम और संतोष ने अपने विचार रखे।

प्रतिमा पर पुष्प वर्षा: स्वामी विवेकानंद के जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस जोधपुर देहात जिलाध्यक्ष













GPS Map Camera
Nigeria
Google
Jodhpur, Rajasthan, India
62WC+W6P, Bhagat Ki Kothi, Jodhpur, Rajasthan 342001, India
Lat 26.247228°
Long 73.020688°
12/01/22 04:14 PM


GPS Map

दिनांक 31-01-2022


**" कैंसर की रोकथाम तथा जागरूकता" विषय पर ऑनलाइन  कार्यक्रम आयोजित**

राष्ट्रीय सेवा योजना जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय तथा संजीवनी लाइफ बियोंड कैंसर संस्थान **NGO** के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक **31** जनवरी **2022** को **"** कैंसर की रोकथाम तथा जागरूकता**"** विषय पर ऑनलाइन  सेशन आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो के आर पटेल ने बताया कि कार्यक्रम में संजीवनी लाइफ बियॉन्ड कैंसर संस्थान की संस्थापक रूबी अहलूवालिया तथा सदस्य  अर्चिता वर्मा ने कैंसर के कारणों तथा इससे बचाव के तरीकों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने **NGO** द्वारा संचालित विभिन्न समाज सेवा के कार्यों में राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग का भी आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के अंत मे सभी प्रतिभागियों के लिए एक वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें दिव्या विश्नोई विजेता रही। सेशन के अंत मे कार्यक्रम अधिकारी प्रो प्रवीण गहलोत ने सभी का आभार व्यक्त किया।





# विज्ञान संकाय में सात दिवसीय विशेष शिविर

(06 मार्च – 12 मार्च 2022)

दिनांक 06.03.2022

**जे.एन.वि.यू. के विज्ञान संकाय में एन.एस.एस. का सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारम्भ**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में एन.एस.एस. का सात दिवसीय शिविर आज दिनांक 06.03.2022 को प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम में स्वयं सेवकों को उद्बोधित करते हुए एन.एस.एस. समन्वयक प्रो. के.आर. पटेल ने बताया कि एन.एस.एस. की मुख्य अवधारणा श्स्वयं से पहले आपश् को ध्येय वाक्य मानते हुए एक स्वयं सेवक एन.एस.एस. की गतिविधियों के माध्यम से समाज व राष्ट्र के प्रति अपने योगदान देता हैं तथा सामाजिक समरसता, सद्भाव तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति जीवन पर्यन्त सर्मपित रहता हैं।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया कि शिविर के पहले दिन स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देष्य एवं गतिविधियों से उपस्थित स्वयं सेवकों को अवगत कराया तथा विगत दो वर्षा में कोरोना महामारी के समय एन.एस.एस. स्वयं सेवकों द्वारा किये गये विभिन्न कार्य जैसे कि रक्तदान, प्लाजमा दान, एसडीपी दान, मास्क व सैनेटाईजर वितरण तथा कोरोना के प्रति जोधपुर के हर गली-मौहल्ले में जागरूकता अभियान चलाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किये गए। कोरोना महामारी के बाद यह पहला सात दिवसीय विषेष शिविर आयोजित हुआ हैं जिसमें स्वयं सेवकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। शिविर का प्रारम्भ स्वयं सेवकों द्वारा सूर्य नमस्कार व योग के साथ हुआ। शिविर के प्रथम दिवस में राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के तहत नया परिसर के मुख्य द्वार, यूसिक परिसर व डीन ऑफिस के आस-पास कंटीली झाडियों को हटाने, कचरे को साफ करने तथा पेड.-पौधों की देख-रेख जैसे कार्य किये गए।

स्नात्कोत्तर कक्षाओं के स्वयं सेवकों ने विश्वविद्यालयद्वारा गोद लिये गये गॉव सालावास का दौरा किया व ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्या के बारे में जाना व उन्हें भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। एन.एस.एस. के समन्वयक प्रोफेसर के. आर. पटेल ने एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए उनके कार्यो की प्रशंसा की तथा विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए स्मार्ट विलेज सालावास में हुए कार्यो की भूरी भूरी प्रशंसा की। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खेताराम, डॉ. अषोक पटेल, डॉ. आर.पी. सारण, डॉ. प्रियंका पुरोहित, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. शिव कुमार बरवर डॉ. ओम प्रकाष विष्नोई एवं डॉ. हेमसिंह गहलोत ने विद्यार्थियों को निर्देषित किया।



**विवि के विज्ञान संकाय में एनएसएस शिविर शुरू**

नवज्योति/जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर रविवार को प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनएसएस समन्वयक प्रो.के आर पटेल ने कहा कि एनएसएस की मुख्य अवधारणा स्वयं से पहले आप को ध्येय वाक्य मानते हुए एक स्वयंसेवक एनएसएस की गतिविधियों के माध्यम से समाज व राष्ट्र के प्रति अपने योगदान देता है। सामाजिक समरसता, सद्भाव तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति जीवन पर्यन्त समर्पित रहता है। राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के तहत नया परिसर के मुख्य द्वार, यूसिक परिसर व डीन ऑफिस के आस-पास कंटीली झाडियों को हटानेए कचरे को साफकरने तथा पेड पौधों की देखरेख जैसे कार्य किये गए।
















# विज्ञान संकाय एनएसएस शिविर का आगाज

**जोधपुर @ पत्रिका.** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर रविवार को प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को उदबोधित करते हुए एनएसएस समन्वयक प्रो. केआर पटेल ने कहा कि एनएसएस की मुख्य अवधारणा स्वयं से पहले आप को ध्येय वाक्य मानते हुए एक स्वयंसेवक एनएसएस की गतिविधियों के माध्यम से समाज व राष्ट्र के प्रति अपसा योगदान देता है।

दिनांक 07.03.2022

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में एन.एस.एस. के सात दिवसीय शिविर के द्वितीय दिवस का आयोजन दिनांक 07.03.2022 को किया गया । सर्वप्रथम कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका पुरोहित ने शिविर को सम्बोधित किया गया एवं स्वयंसेवकों को लक्ष्य गीत भी कराया गया । शिविर की शुरूआत सूर्य नमस्कार के साथ की गई थी एवं इसके पश्चात् स्वयंसेवकों ने योगा एवं शारीरिक अभ्यास किया । एन.एस.एस. के स्वयंसेवक, जयसूर्या एवं गिरीराज परिहार ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजपथ पर परेड की थी, जयसूर्या एवं गिरीराज परिहार ने स्वयंसेवकों को एन.एस.एस. का महत्व बताया एवं आर.डी. शिविर के बारे में भी बताया ।

आज शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा रसायन विज्ञान, प्राणी शास्त्र विभाग, वनस्पति विज्ञान विभाग एवं भौतिक विज्ञान विभाग के समक्ष कंटीली झाड़ीयों को हटाया गया, अपशिष्ट पदार्थों एवं कचरे को हटाया गया । तत्पश्चात् डॉ. आर.पी. सारण ने कई स्वयंसेवकों को मंच पर बोलने के लिए प्रोत्साहित किया । शिविर के बौद्धिक सत्र में आर.डी. परेड में भाग लेकर आए स्वयंसेवक जयसूर्या ने समस्त स्वयंसेवकों को आर.डी. परेड में चयनित होने के लिए आवश्यक गतिविधियों से अवगत कराया तथा एन.एस.एस. ताली, लोकगीत आदि का अभ्यास कराया । स्वयंसेवकों ने दहेज प्रथा पर कविता के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों को रोकने के लिए प्रेरित किया ।

शिविर के दौरान डॉ. आर.पी. सारण, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. खेताराम, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. ओम प्रकाश विश्नोई एवं डॉ. एस.के. बरवड़ ने सक्रिय भूमिका निभाई ।








दिनांक 08.03.2022

## ओह्म कार की गूंज के साथ शिविर के तृतीय दिन का आगाज

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के तृतीय दिवस का आयोजन हुआ । तृतीय दिवस में शिविर को तीन सत्र में आवंटित किया गया –

प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने ओह्मकार की ध्वनि के साथ योग अभ्यास किया । प्रतिदिन गतिविधियों की भांति स्वयंसेवक श्रवण कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के गीत, सूर्यनमस्कार, ताली एवं शारीरिक अभ्यास के साथ स्वयंसेवकों में एक नए जोश का संचार किया । गणतंत्र दिवस पर स्वयंसेवक गिरीराज परिहार ने शारीरिक व्यायाम द्वारा छात्रों में पूर्ण उत्साह भर दिया । शिविर में आज स्वयंसेवकों ने हास्य अभ्यास द्वारा हृदय की कार्यविधि की ।

शिविर के द्वितीय सत्र में कार्यक्रम अधिकारियों के निर्देशन में समस्त स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत न्यू कैंपस के मुख्य द्वार, वनस्पति विज्ञान विभाग, भौतिकी विभाग में कचरे को जलाकर नष्ट किया गया, एवं प्लास्टिक जैसे अपशिष्ट पदार्थ के बारे में स्वयंसेवकों को जागरूक किया गया व प्लास्टिक को इकट्ठा किया गया ।

शिविर के तृतीय सत्र में आज दिनांक 08.03.2022 को **महिला दिवस** के उपलक्ष्य में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका पुरोहित ने समस्त स्वयंसेवकों को महिला दिवस की शुभकामनाएँ देने के साथ ही शिविर को सम्बोधित किया एवं जीवन में **"मातृत्व प्रेम सर्वोपरी"** विषय पर संबोधित किया एवं जीवन में सफलता हासिल करने एवं आत्म-निर्भर बनने हेतु प्रेरित किया । डॉ. अशोक पटेल ने महिला दिवस पर स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दी । स्वयंसेविका अक्षिता जैन ने आज के शिविर में महिला दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना में महिलाओं के प्रति जागरूकता अभियान पर प्रकाश डाला तथा राष्ट्रीय सेवा योजना में अपना अनुभव भी साझा किया, अक्षिता स्वयं भी राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित 23वें युवा महोत्वसव, लखनऊ में भाग ले चुकी है ।

शिविर का निर्देशन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एस.एस. मीना, डॉ. आर.पी. सारण, डॉ. ओमप्रकाश विश्नोई, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. प्रियंका पुरोहित, डॉ. एस.के. बरवड़, डॉ. अशोक पटेल एवं डॉ. खेताराम ने किया ।



**एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों ने किया योगाभ्यास**

नवज्योति/जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन योगाभ्यास करवाया गया। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने ओमकार की ध्वनि के साथ योग अभ्यास किया। स्वयंसेवक श्रवण कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के गीत, सूर्य नमस्कार, ताली एवं शारीरिक अभ्यास के साथ स्वयंसेवकों में एक नए जोश का संचार किया।













दिनांक 09.03.2022

**आपदा प्रबन्धन पर कार्यशाला**

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के चौथे दिन आपदा प्रबन्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समय सिंह मीना ने बताया कि विशेष शिविर में आज स्नातक, स्नातकोत्तर व शोधार्थियों ने भाग लिया उनकी संख्या लगभग 400 थी ।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में डॉ. अशोक कुमार पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना की आपदा प्रबन्धन कार्यशाला पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वयंसेवकों के भूमिका की जानकारी प्रदान की । कार्यशाला को विज्ञान संकाय अधिष्ठाता प्रोफेसर पवन कुमार कसेरा ने अपने उद्बोधन में स्वयंसेवकों को **स्वयं से पहले आप** तथा **स्वस्थ जीवन** जीने की कला से अवगत कराया । एस.एन. मेडिकल कॉलेज, जोधपुर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. राजेन्द्र तातेड़ ने हार्ट अटैक व कार्डियक अरेस्ट के बारे में जानकारी देते हुए लगभग 400 स्वयंसेवकों को डमी के माध्यम से सी.पी.आर. देने का प्रशिक्षण दिया । डॉ. तातेड़ ने स्वयंसेवकों को बताया कि पानी में डुबे हुए व्यक्ति को बाहर निकाल कर बचाने, बिजली करंट लगने के उपरान्त प्राथमिक उपचार, श्वास नली अवरूद्ध होने, बंद कमरे में कार्बनमोनो-ऑक्साइड की वजह से दम घुटने, अवरूद्ध आहार नली की विपदा में एवं नवजात, किशोर व युवावस्था में प्राण-रक्षा हेतु विभिन्न प्राथमिक उपचार के विभिन्न तरीकों पर विस्तार से बताया ।

कार्यशाला के दूसरे सत्र में प्रोफेसर प्रवीण गहलोत ने राष्ट्रीय सेवा योजना को आपदा प्रबन्धन बाढ़ आने, आग लगने, महामारी के कारण लॉक-डाउन के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा किए जाने वाले कार्य की जानकारी दी । डॉ. खेताराम ने स्वयंसेवकों को आपदा प्रबन्धन में आवश्यक चीजों को संग्रहित करना, गन्तव्य स्थान पर पहुँचना, समय प्रबन्धन तथा जरूरतमंद को आवश्यक सामग्री का वितरण इत्यादि पर प्रकाश डालते हुए अपना उद्बोधन दिया । कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों को आपदा-प्रबंधन में कार्य करने तथा सी.पी.आर. के बारे में समाज के नागरिकों को जानकारी देने हेतु शपथ भी दिलायी गई ।






दैनिक जलते दीप

शिविर में सीपीआर की ट्रेनिंग देते डॉ. तातेड़। जलतेदीप

**आपदा प्रबंधन विषयक कार्यशाला हुई**

जोधपुर, 9 मार्च (कासं)। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के चौथे दिन आपदा प्रबन्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समय सिंह मीना ने बताया कि शिविर में 400 स्नातक, स्नातकोत्तर व शोधार्थियों ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र में डॉ. अशोक कुमार पटेल ने कार्यशाला पर प्रकाश डाला। विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार कसेरा ने स्वस्थ जीवन जीने की कला से अवगत कराया। एसएन मेडिकल कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रो. राजेन्द्र तातेड़ ने हार्ट अटैक व कार्डियक अरेस्ट के बारे में जानकारी देते हुए डमी के माध्यम से सीपीआर का प्रशिक्षण दिया। दूसरे सत्र में प्रो. प्रवीण गहलोत ने आपदा प्रबन्धन के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा किए जाने वाले कार्य की जानकारी दी। डॉ. खेताराम ने समय प्रबन्धन तथा जरूरतमंद को आवश्यक सामग्री का वितरण पर प्रकाश डाला।

JODHPUR Edition
Mar 10, 2022 Page No. 2
Mail us your news on jaltedeep@gmail.com

# एनएसएस शिविर में आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित

नवज्योति/जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के चौथे दिन आपदा प्रबन्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समय सिंह मीना ने बताया कि विशेष शिविर में लगभग 400 स्नातक, स्नातकोत्तर व शोधार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में डॉ. अशोक कुमार पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना की आपदा प्रबन्धन कार्यशाला पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वयंसेवकों के भूमिका की जानकारी प्रदान की। एसएन मेडिकल कॉलेज, जोधपुर के सेवानिवृत्त प्रो. राजेन्द्र तातेड़ ने हार्ट अटैक व कार्डियक अरेस्ट के बारे में जानकारी देते हुए लगभग 400 स्वयंसेवकों को डमी के माध्यम से सीपीआर देने का प्रशिक्षण दिया।

















दिनांक 10.03.2022

## एन एस एस की महिला विंग ने की प्रो जेताराम बिश्नोई स्मृति पार्क में साफ सफाई

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाईयों ने सात दिवसीय विशेष शिविर के पाँचवें दिन का शुभारम्भ सूर्य एवं योग-व्यायाम के साथ हुआ । शिविर में आज स्वयंसेवक जयपाल ने कदम ताल का अभ्यास कराते हुए जीवन में अनुशासन की महत्वत्ता को समझाया ।

कार्यक्रम के अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया कि शिविर के प्रथम सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाईयों ने मुख्यद्वार से स्वामी विवेकानन्द की मूर्ति तक, मुख्य द्वार से गुरू जम्भेश्वर पर्यावरण संरक्षण शोधपीठ, सेमिनार हॉल एवं विभिन्न विभागों में श्रमदान कर सफाई की गई जिसके तहत जंगली झाड़ीयों की कटाई, कूड़ा-करकट इकट्ठा कर उसका निस्तारण किया गया ।

द्वितीय सत्र में डॉ. अशोक कुमार पटेल ने स्वयंसेवकों का राष्ट्रीय सेवा योजना की पिछले पांच वर्षों में की गई विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया । डॉ. पटेल ने राज्यपाल महोदय के आदेशानुसार **स्मार्ट विलेज इनिशिएटिव** के तहत स्वयंसेवकों द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों की सराहना की एवं राष्ट्रीय सेवा योजना को व्यक्तित्व विकास की पाठशाला से अवगत कराया । इस अवसर पर डॉ. प्रियंका पुरोहित ने स्वयंसेवकों को अपने उद्बोधन से प्रेरित किया । इस अवसर पर स्वयंसेविका सुश्री श्रद्धा ने अपने पिताजी के जन्मदिवस को कैम्प में ही पौधारोपण कर मनाया ।

डॉ. प्रियंका पुरोहित, डॉ. ओमप्रकाश बिश्नोई के निर्देशन में गुरू जम्भेश्वर पर्यावरण शोधपीठ के अन्तर्गत प्रो. जैताराम विश्नोई पार्क में साफ-सफाई की । कई स्वयंसेवकों ने रस्सा-कस्स, खो-खो आदि खेलों में भाग लेकर सामूहिक सत्र में अति उत्साह दिखाया । इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समय सिंह मीणा, डॉ. आर.पी. सारण, डॉ. खेताराम, डॉ. उत्तम पालीवाल एवं डॉ. एस.के. बरवड़ ने भी स्वयंसेवकों को मार्गदर्शित किया । शिविर को सफल बनाने में स्वयंसेवक जगदीश विश्नोई, रमेश चौधरी, शकील अख्तर, रामूराम, जयपाल इत्यादि स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।



**प्रो. जेताराम बिश्नोई पार्क में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित**

सबसिटी सुपरफास्ट

जोधपुर। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के गुरु जंभेश्वर पर्यावरण संरक्षण शोधपीठ के सामने स्थित प्रोफेसर जेताराम बिश्नोई पार्क में एनएसएस की महिला विंग ने सफाई अभियान चलाकर आसपास के क्षेत्र से कचरा इकट्ठा कर कंटीली झाड़ियां काटकर सफाई की तथा एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रियंका पुरोहित के नेतृत्व में पार्क में एमएससी एवं बीएससी की छात्राओं ने खो खो मैच का आयोजन किया गया एवं रस्साकशी खेल कर विद्यार्थियों में खेल की भावना को जागृत किया। एमएससी केमिस्ट्री की छात्रा प्रोफेसर बिश्नोई पार्क में अमरूद एवं जामुन के पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति निष्ठा जाहिर की। गुरु जंभेश्वर पर्यावरण संरक्षण शोधपीठ के निदेशक डॉ. ओम प्रकाश बिश्नोई ने सभी छात्राओं एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रियंका पुरोहित का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पर्यावरण संरक्षण को लेकर जनचेतना एवं जनजागृति फैलाने की महती आवश्यकता पर बल दिया।



**गुरु जंभेश्वर पर्यावरण संरक्षण शोधपीठ : एनएसएस की महिला विंग ने पौधरोपण कर लिया सारसंभाल का संकल्प**

प्रोफेसर जेताराम बिश्नोई पार्क में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित, एमएससी-बीएससी की छात्राओं के हुए खेल मुकाबले










GPS Map Camera
Google
Jodhpur, Rajasthan, India
62W9+GQM, Bhagat Ki Kothi, Jodhpur, Rajasthan 342001, India
Lat 26.246276°
Long 73.019312°
10/03/22 11:00 AM


GPS Map Camera
Circuit House
Google
जोधपुर, राजस्थान, भारत
72QP+38R, अजीत कॉलोनी, जोधपुर, राजस्थान 342001, भारत
Lat 26.287213°
Long 73.036094°
10/03/22 12:53 PM


Shot on OnePlus





दिनांक 11.03.2022

### एडवांस्ड योगा एवं बाल-विवाह उन्मूलन पर विज्ञान संकाय में कार्यशाला आयोजित

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन की शुरुआत एनएसएस के लक्ष्य गीत साथ हुई । एनएसएस के समन्वयक प्रोफेसर के. आर. पटेल ने बताया कि प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामप्रकाश सारण ने रक्तदान से संबंधित जानकारी देते हुए स्वयंसेवकों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। डॉ. सारण ने रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर कर रक्तदान से होने वाले स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी।

वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर प्रवीण गहलोत ने द्वितीय सत्र में पधारे योगा ट्रेनर श्रीमती कांता कच्छवाह एवं श्री भूपेंद्र जोधा का अपने शब्दों के माध्यम से स्वागत किया। योग विशेषज्ञों ने मानव शरीर के प्रत्येक अंग को स्वस्थ रखने हेतु विशेष प्रकार के योगासनों का प्रशिक्षण दिया। इनके साथ बाल योगा प्रशिक्षु नक्षत्रा, लक्षिता, मुस्कान, भाविका, नवेधया एवं तनीषा ने मानव पिरामिड बनाकर स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया। तत्पश्चात एडवांस्ड योगा ट्रेनर धीरज शर्मा एवं रामनिवास देवासी ने साहसिक योगासन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि तृतीय सत्र में यूनिसेफ के बैनर तले बाल-विवाह के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत सुश्री प्रियंका सिंह ने छात्रों से प्रश्नावली के जरिये स्वयंसेवकों से संवाद किया । प्रियंका सिंह ने बाल-विवाह के कारण, दुष्परिणाम, रोकथाम कानून, सजा का प्रावधान एंव इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की महत्ती भूमिका पर अपना उद्बोधन दिया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने इंटरेक्टिव सेशन में प्रश्न पूछे जिसका वक्ताओं ने उचित समाधान बताया ।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खेता राम, डॉ. उत्तम पालीवाल एवं डॉ. समय सिंह मीणा ने भी स्वंयसेवकों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वंयसेवक रामुराम, जगदीश, भानुप्रताप, मनीष, रमेश आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।



जएनवीयू: एनएसएस विशेष शिविर

**एडवांस्ड योगा एवं बाल-विवाह उन्मूलन पर कार्यशाला**

पत्रिका plus रिपोर्टर

जोधपुर. जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। एनएसएस के समन्वयक प्रो केआर पटेल ने बताया कि प्रथम सत्र में रक्तदान से संबंधित जानकारी के बाद योगा ट्रेनर कांता कच्छवाह और भूपेंद्र जोधा ने योगासनों का प्रशिक्षण दिया। इनके साथ बाल योगा प्रशिक्षु नक्षत्रा, लक्षिता, मुस्कान, भाविका, नवेधया एवं तनीषा ने मानव पिरामिड बनाकर स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया। एडवांस्ड योगा ट्रेनर धीरज शर्मा एवं रामनिवास देवासी ने साहसिक योगासन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

तृतीय सत्र में यूनिसेफ के बैनर तले बाल-विवाह के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत प्रियंका सिंह ने छात्रों से प्रश्नावली के जरिये स्वयंसेवकों से संवाद किया।















दिनांक 12.03.2022

## एनएसएस विज्ञान संकाय के सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन आज दिनांक 12.03.2022 को हुआ । राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रोफेसर के. आर. पटेल ने बताया कि प्रथम सत्र में नया परिसर के मुख्य द्वार से गाँधी अध्ययन केंद्र तक सड़क के दोनों और कँटीली-जंगली झाड़ियों को काटा गया एवं प्लास्टिक, कूड़ा-कचरे का उचित निस्तारण किया गया । वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर प्रवीण गहलोत ने बताया कि द्वितीय सत्र में विशेष शिविर के समापन समारोह का आयोजन किया गया ।

इस सत्र के मुख्य अतिथि मनोविज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष सेवानिवृत्त प्रोफेसर ए. के. मलिक, विशिष्ट अतिथि रसायनशास्त्र के पूर्व विभागाध्यक्ष सेवानिवृत्त प्रोफेसर पी. के. शर्मा एवं अध्यक्ष विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर पी. के. कसेरा थे । कार्यक्रम की शुरुआत में प्रोफेसर प्रवीण गहलोत ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले वर्ष भर हुई गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया । तत्पश्चात प्रोफेसर के. आर. पटेल ने स्वागत उद्बोधन द्वारा अतिथियों का स्वागत किया एवं विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न कार्यों से सभी को अवगत कराया ।

प्रोफेसर पी. के. शर्मा ने अपने उद्बोधन से स्वयंसेवकों को अपने विचार अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित किया । प्रोफेसर पी. के. कसेरा ने अपनी हॉस्टल लाइफ का जिक्र करते हुए कई किस्से सुनाकर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया । प्रोफेसर ए. के. मलिक ने अपने उद्बोधन से बताया कि आज शिविर का भले ही समापन हो, लेकिन इस शिविर से जो सीख मिली है उसे हर स्वंयसेवक अपने जीवन में चरितार्थ करेगा । प्रो. मलिक ने स्वंयसेवकों को "ए बी सी" (एबिलिटी, बेहवीयर, करैक्टर) मॉडल समझाते हुए बताया कि स्वयंसेवक अंको पर नहीं बल्कि योग्यता पर जोर दें । प्रो. मलिक ने स्वंयसेवकों को भाग्यवादी नहीं, कर्मवादी बनने हेतु प्रेरित किया एवं तनावमुक्त जीवन जीने की सीख दी ।

कार्यक्रम में एमएससी रसायनशास्त्र विभाग पूर्वार्ध की छात्राओं ने नाटक के माध्यम से बाल-विवाह उन्मूलन एवं एमएससी वनस्पतिशास्त्र पूर्वार्ध की छात्राओं ने दहेज प्रथा उन्मूलन पर शानदार प्रस्तुति दी । स्वयंसेवक प्रकाश देवासी, दल्लाराम पटेल, दिनेश, संतोष, रंजीता राठी, पूजा चौधरी आदि ने भी अपनी प्रस्तुतियां दी । इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समय सिंह मीणा, डॉ. आर.पी. सारण, डॉ. खेताराम, डॉ. उत्तम पालीवाल एवं डॉ. एस.के. बरवड़ ने सहयोग दिया । कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

### एनएसएस विज्ञान संकाय के शिविर का समापन



एनएसएस विज्ञान संकाय के शिविर का समापन में उपस्थित शिविरार्थी।

**जोधपुर @ पत्रिका.** जयनारायणव्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन शनिवार को हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो केआर पटेल ने बताया कि अंतिम दिन न्यू कैंपस में सडक के दोनों और कँटीली-जंगली झाड़ियों को काटा गया। साफ सफाई की गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मनोविज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ एके मलिक, रसायन शास्त्र विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ पीके शर्मा और विज्ञान संकाय डीन प्रो पवन कसेरा ने अपने विचार रखे।




दैनिक जलते दीप

### भाग्यवादी नहीं, कर्मवादी बनें: प्रोफेसर मलिक

जोधपुर, 12 मार्च (कासं)। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। एनएसएस समन्वयक प्रोफेसर के. आर. पटेल ने बताया कि प्रथम सत्र में नया परिसर में श्रमदान किया गया। द्वितीय सत्र में विशेष शिविर के समापन समारोह का आयोजन किया गया। सत्र के मुख्य अतिथि मनोविज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष सेवानिवृत्त प्रोफेसर ए. के. मलिक ने भाग्यवादी नहीं, कर्मवादी बनने हेतु प्रेरित किया एवं तनावमुक्त जीवन जीने की सीख दी। विशिष्ट अतिथि रसायनशास्त्र के पूर्व विभागाध्यक्ष सेवानिवृत्त प्रोफेसर पी. के. शर्मा एवं अध्यक्ष विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर पी. के. कसेरा थे। प्रोफेसर प्रवीण गहलोत ने एनएसएस की गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस मौके एमएससी रसायनशास्त्र विभाग पूर्वार्द्ध की छात्राओं ने नाटक के माध्यम से बाल-विवाह उन्मूलन एवं एमएससी वनस्पतिशास्त्र पूर्वार्द्ध की छात्राओं ने दहेज प्रथा उन्मूलन पर शानदार प्रस्तुति दी । स्वयंसेवक प्रकाश देवासी, दल्लाराम पटेल, दिनेश, संतोष, रंजीता राठी, पूजा चौधरी आदि ने प्रस्तुतियां दी। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने धन्यवाद ज्ञापित किया ।

JODHPUR Edition
Mar 13, 2022 Page No. 3
Mail us your news on jaltedeep@gmail.com

दैनिक नवज्योति Jodhpur City - 13 Mar 202.

चंद्र शेखर जाजड़ा एडवोकेट मौजूद थे।

## 'युवा भाग्यवादी नहीं, कर्मवादी बनें'

**नवज्योति/जोधपुर।** व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रोफेसर के.आर. पटेल ने बताया कि प्रथम सत्र में नया परिसर के मुख्य द्वार से गाँधी अध्ययन केंद्र तक सड़क के दोनों ओर कँटीली जंगली झाड़ियों को काटा गया एवं प्लास्टिक, कूड़ा.कचरे का उचित निस्तारण किया गया । सत्र के मुख्य अतिथि मनोविज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष सेवानिवृत्त प्रोफेसर ए. के. मलिक थे।

जलशक्ति म
कहा कि देश
कार्य किए
जिम्मेदारी है
सभी अपनी
से निभाएं।

पती व
करवा

नवज्योति















दिनांक 13-03-2022

## मानसिक स्वास्थ्य विकास पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ,भारत सरकार ,श्री पेरूम्बद्रर, द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना का सयुंक्त तत्वावधान में दिनांक 13 मार्च 2022 से 15 मार्च 2022 को किया गया ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रोफेसर के आर पटेल ने बताया कि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में होने वाली तीन दिवसीय इस संगोष्ठी में देशभर से 16 विशेषज्ञों की टीम ने युवाओं को संबोधित किया । संगोष्ठी आयोजिका तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रियंका पुरोहित ने बताया कि ऑनलाइन माध्यम से होने वाली इस संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ अरविंद शर्मा विभागाध्यक्ष न्यूरोलॉजी विभाग तथा विशिष्ट वक्ता डॉ संदीप अग्रवाल सीनियर कार्डियक सर्जन जाइडस अस्पताल अहमदाबाद थे तथा प्रोफेसर शेखर भार्गव ,संस्थापक खुशी की पाठशाला ,बीकानेर संगोष्ठी के समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि थे । कार्यक्रम में वर्तमान सामाजिक परिवेश में मानसिक अवसाद, पश्चमहामारी दृष्टिकोण ,कार्यकारी महिलाओं में बढ़ते अवसाद, विद्यार्थियों में बढ़ते परीक्षा तनाव, पीयर प्रेशर आदि के लक्षण ,प्रभाव तथा उपाय हेतु मंथन किया गया ।



जेएनवीयू में 'मानसिक स्वास्थ्य विकास' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

जोधपुर | राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान की ओर से मानसिक स्वास्थ्य विकास पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी रविवार को जयनारायण व्यास विवि में शुरू होगी। मुख्य संरक्षक कुलपति प्रो. डॉ. केएल श्रीवास्तव ने इसके पोस्टर का विमोचन किया। प्रो. केआर पटेल ने बताया कि संगोष्ठी में देशभर से 14 से 16 विशेषज्ञों की टीम संबोधित करेगी।






मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान

जोधपुर @ पत्रिका. जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का रविवार को शुभारंभ हुआ। जाइडस हॉस्पिटल अहमदाबाद से डॉ अरविंद शर्मा और डॉ संदीप अग्रवाल ने ऑनलाइन मानसिक स्वास्थ्य के आधारभूत तथ्यों व सामाजिक परिवेश में प्रभावित करने वाले कारकों पर प्रकाश डाला। डॉ अरविंद शर्मा ने युवाओं को मानसिक विकास के सूत्र और विकारों के लक्षणों को पहचानने ,व चेतना के अधिकाधिक विकास पर बल दिया। एम्स जोधपुर के डॉ नरेश नेभवानी ने इंटरनेट और गैजेट के दुष्प्रभाव पर व्याख्यान दिया। डीपीएस पाल रोड की ज्योत्स्ना व्यास, डॉ हेमलता जोशी, टाटा कंपनी मुंबई के



